

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 11 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-252 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ी

**नई दिल्ली ,11 दिसंबर** । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 12 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेता सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। यह छठी बार है, जब ईडी ने सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। सोरेन ने पहले वित्तीय जांच एजेंसी के सभी समन को नजरअंदाज कर दिया था। ईडी ने सोरेन को 8 अगस्त, 19 अगस्त और 1 सितंबर को समन जारी कर क्रमशः 14, 24 अगस्त और 9 सितंबर को उसके सामने पेश होने को कहा था। उसके बाद ईडी ने चौथा समन जारी किया और उन्हें 23 सितंबर को उनके सामने पेश होने के लिए कहा। पांचवें समन में उन्हें 4 अक्टूबर को उसके सामने पेश होने के लिए कहा गया।

### कैप्टन फातिमा वसीम ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली ,11 दिसंबर।** कैप्टन फातिमा वसीम ने सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली महिला मेडिकल ऑफिसर बनकर इतिहास रच दिया है। सियाचिन बैटल स्कूल में कठोर ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद उन्हें 15200 फीट की ऊंचाई पर स्थित ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनाती मिली थी। भारतीय सेना के फायर एंड फ्यूरी कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कैप्टन फातिमा वसीम से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें लिखा कि सियाचिन वॉरियर्स की कैप्टन फातिमा वसीम, सियाचिन ग्लेशियर पर ऑपरेशनल पोस्ट पर तैनात होने वाली पहली मेडिकल ऑफिसर बन गई हैं।

उन्होंने कहा कि 15 हजार फीट पर कैप्टन फातिमा वसीम की पोस्टिंग उनकी अदम्य भावना और उच्च प्रेरणा को दर्शाती है।

### विधायक दल की बैठक के लिए पर्यवेक्षक पहुंचे भोपाल

**भोपाल ,11 दिसंबर** । मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक के लिए पार्टी के संसदीय बोर्ड की ओर से नियुक्त किए गए तीनों पर्यवेक्षक आज भोपाल पहुंच गए। तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष के लक्ष्मण और पार्टी सचिव सुश्री आशा लाकड़ा विशेष विमान से राजधानी भोपाल पहुंचे। विमानतल पर पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया।

तीनों पर्यवेक्षक शाम को होने वाली विधायक दल की बैठक में सम्मिलित होंगे। इसी बैठक में विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा। विधायक दल की बैठक में शामिल होने आए पर्यवेक्षकों की प्रदेश नेतृत्व द्वारा भोपाल हवाईअड्डे पर भव्य स्वागत की तैयारियां की गईं।

### विहिप अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पीले चावल बांटेगी

**अजमेर ,11 दिसंबर** । राजस्थान के अजमेर में विश्व हिंदू परिषद विहिप अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के आमंत्रण निमित्त पीले चावल बांटेगी। यह कार्य विहिप के ..गृह सम्पर्क अभियान..के तहत किया जायेगा। विश्व हिन्दू परिषद चित्तौड़ प्रांत के सह मंत्री शशिप्रकाश इंदौरिया ने बताया कि अयोध्या से आये पीले चावल का वितरण विहिप कार्यकर्ता 1 से 10 जनवरी के मध्य करेंगे। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर कार्यकर्ता पीले चावल बांटेंगे और 22 जनवरी को अयोध्या के लिए आमंत्रित करेंगे।

# कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाना सही: सुको

## चुनाव कराओ और राज्य का दर्जा दो



**नई दिल्ली,11 दिसंबर।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने वैध ठहराया है और उसे चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि विधानसभा यदि भंग है और वहां राष्ट्रपति शासन लगा था तो फिर उनके पास यह अधिकार था कि वे आर्टिकल 370 पर फैसला लें। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि अब इतने सालों बाद इस आर्टिकल को हटाने की वैधता पर चर्चा करना गलत होगा। यह बहस अब मुनासिब नहीं है। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य का दर्जा बहाल करने और चुनाव कराने से लेकर कई अहम बातें कहीं।

### फैसले की 10 बड़ी बातें

1. आर्टिकल 370 को हटाने की प्रक्रिया संवैधानिक तौर पर सही थी। राष्ट्रपति के पास उसे हटाने की शक्ति निहित थी क्योंकि विधानसभा भंग थी। इस फैसले के लिए विधानसभा की सहमति जरूरी नहीं थी।
2. चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली संवैधानिक बेंच ने कहा कि आर्टिकल 370 एक अस्थायी प्रावधान था और यह ट्रांजिशन के लिए ही था।
3. अदालत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की कोई संप्रभुता नहीं थी। राज्य का जब भारत के साथ विलय हुआ तो उसने अपनी संप्रभुता को भी भारत में विलीन कर दिया था।
4. आर्टिकल 370 हटाने को लेकर कोर्ट ने कहा कि हम इसमें कोई संवैधानिक खामी नहीं पाते। इतने सालों के बाद इस फैसले की वैधता पर बात करना मुनासिब नहीं है।
5. अदालत ने साफ कहा कि आर्टिकल 370 एक अस्थायी प्रावधान ही था। इसे विलय के प्रावधानों को लागू करने के लिए ही लाया गया था।
6. चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि 30 सितंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव करा लिए जाएं।
7. सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करे। इससे पहले सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि उचित समय पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। यही बात होम मिनिस्टर अमित शाह संसद में भी दोहरा चुके हैं।
8. अदालत ने उन सवालों का भी जवाब दिया है, जिनमें राष्ट्रपति की अधिसूचना पर फैसले लेने को गलत बताया गया था। कोर्ट ने कहा कि विधानसभा भंग होने पर राज्यपाल के जरिए राष्ट्रपति शासन करता है। ऐसे में वही फैसले लेने का अधिकारी होता है।
9. आर्टिकल 370 को लेकर 5 जजों की बेंच ने कुल तीन फैसले लिखे। इन फैसलों में भले ही अलग-अलग बात कही गई, लेकिन उनका निष्कर्ष एक ही है।
10. अदालत ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह ही जम्मू-कश्मीर की भी कोई संप्रभुता नहीं है। जम्मू-कश्मीर के महाराजा हरि सिंह ने जब विलय का फैसला लिया था तो संप्रभुता को भी विलीन कर दिया था।

### आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से, एकता के मूल सार को मजबूत किया है जिसे हम, भारतीय होने के नाते, बाकी सब से ऊपर प्रिय मानते हैं और संजोते हैं। देश की सर्वोच्च अदालत ने जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के सरकार के फैसले को कायम रखा है। इसके साथ ही कोर्ट की तरफ से अगले सात 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने के लिए कदम उठाने के बी निर्देश दिए हैं। अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एप एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया पोस्ट करते हुए लिखा कि आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा करार दिया है।



# विष्णुदेव ने लिया प्रभु राम का आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 11 दिसंबर** । छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुबह राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित भगवान श्रीराम के मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भगवान श्रीराम, माता जानकी हनुमान जी और शिवजी की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के चहुमुखी विकास और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्री राम का आशीर्वाद इसी तरह हम सब पर बना रहे। छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों के समुचित विकास और छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश में अपना महत्वपूर्ण स्थान स्थापित करें, यही भगवान से हमारी कामना है।

### धारा 370 निरस्त, सीएम साय ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बताया ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धारा 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतेहासिक बताया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर आज का सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है. 5 अगस्त 2019 को भारत की संसद द्वारा लिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरकरार रखा जाना भारत की जीत है. सीएम साय ने कहा, यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है. यह सिर्फ कानूनी फैसला मात्र नहीं है. यह एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है. इस विजय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई, अभिनंदन.

## पीएम मोदी ने किया विकसित भारत @ 2047 आइडियास का शुभारंभ



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में विकसित भारत @ 2047 आइडियास पहल का शुभारंभ किया और वर्चुअल संबोधन दिया। इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण राजभवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल, राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, डीन, फैकल्टी मेम्बर्स, प्राध्यापक उपस्थित थे।

# महुआ मोइत्रा ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली,11 दिसंबर।** 'कैश-फॉर-क्वेरी' मामले में लोकसभा सांसद के रूप में निष्कासित किए जाने के कुछ दिनों बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 8 दिसंबर को, सदन द्वारा अपनी




आचार समिति की रिपोर्ट को अपनाने के बाद, मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, जिसमें उन्हें अपने हित को आगे बढ़ाने के लिए व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से उपहार और अवैध संतुष्टि स्वीकार करने का दोषी ठहराया गया था। टीएमसी नेता ने आरोपों का जोरदार खंडन किया था।

अपने निष्कासन के बाद, मोइत्रा ने ₹बिना सबूत के कार्य करने₹ के लिए नैतिकता पैनल पर हमला किया और कहा कि यह विपक्ष को ₹बुलडोजर₹ देने का हथियार बन रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आचार समिति और उसकी रिपोर्ट ने ₹पुस्तक के हर नियम को तोड़ दिया₹। पश्चिम बंगाल में कृष्णानगर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली टीएमसी नेता ने कहा कि जब एथिक्स पैनल की रिपोर्ट पर विचार किया गया तो उन्हें सदन में अपना बचाव करने का मौका नहीं दिया गया। महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शुक्रवार को अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण के लिए सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। महुआ ने कहा, आचार समिति मुझे उस बात के लिए दंडित कर रही है, जो लोकसभा में सामान्य है, स्वीकृत है तथा जिसे प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ पूरा मामला लॉगिन विवरण साझा करने पर आधारित है, लेकिन इस पहलू के लिए कोई नियम तय नहीं हैं। निष्कासन के बाद जब महुआ सदन से बाहर निकलीं तो उनके कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई सांसद बाहर आए। मोइत्रा ने एक भाषण पढ़ा, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसे सदन के पटल पर रखने का इरादा था।

# गौठान बना कब्रगाह,37 मवेशियों की मौत

**जांजगीर-चांपा,11 दिसंबर।** जिला के चंगोरी गांव के गौठान में 37 मवेशियों के मौत के मामले में पशु चिकित्सा विभाग के 3 चिकित्सकों ने मवेशियों का पोस्टमार्टम किया. प्रारंभिक तौर पर मवेशियों की मौत का कारण जहर से होने की आशंका जताई जा रही है. वहीं चिकित्सा विभाग के अधिकारी मवेशियों का विसरा (किडनी, लीवर, दिल, पेट के अंगों का सैंपल) फॉरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजने की तैयारी में हैं. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ड्रीम प्रोजेक्ट नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना में बड़ी लापरवाही सामने आई है. अकलतरा विकासखंड के चंगोरी गांव स्थित गौठान में एक साथ 37 मवेशियों की मौत हो गई है. जिसके बाद जिला प्रशासन ने आनन-फानन में जांच के निर्देश दिए और मवेशियों की मौत का कारण जानने के लिए तीन पशु चिकित्सकों की नियुक्ति की. पशु चिकित्सकों के साथ पुलिस और



राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मवेशियों का 3 घंटे में पोस्टमार्टम किया. जिसके बाद गौठान में ही उनको दफन किया गया.

मामले में पशु चिकित्सक ने बताया कि पोस्टमार्टम कर विसरा इकट्ठा किया गया है. मौत के वास्तविक कारण का खुलासा फोरेंसिक जांच के बाद ही हो पायेगा. शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में जहर से मौत होने की आशंका जताई गई है. वहीं पुलिस ने इस मामले में पीएम रिपोर्ट के बाद अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का दावा किया है.

इधर चंगोरी गांव के सरपंच और सचिव एक दूसरे पर आरोप मढ़ते नजर आए. सचिव का कहना है कि चुनाव से पहले सरपंच को गौठान की चाबी सौंप दी गई थी. धान कटाई के बाद सभी मवेशियों को गौठान से बाहर कर दिया गया था. लेकिन अभी मवेशी सरपंच ने रखा है और मवेशियों के चारा पानी के इंतजाम के लिए तीन कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था. वहीं सरपंच ने मवेशियों के गौठान में आने से अनभिज्ञता जताई और बड़े षड्यंत्र होने का आरोप लगाया. इस मामले में गौ सेवक बजरंग दल ने सरपंच और सचिव को मवेशियों की मौत के लिए जिम्मेदार बताया. साथ ही दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है. बताया जा रहा है कि गौठान को बनाने में 11 लाख रुपये खर्च हुए थे. फिर भी यहां मवेशियों के लिए शेड की व्यवस्था नहीं थी. पानी के लिए लगाए गए सोलर पंप भी खराब थे. एक साल से गौठान अव्यवस्थित पड़ा हुआ था.

# भाजपा नेता की हत्या के आरोपी 4 नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर,11 दिसंबर।** भाजपा की सरकार बनते ही अब पुलिस नक्सल विरोधी अभियान चलाते हुए एक्शन मोड पर नजर आ रही है. भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या में शामिल समेत कुल 4 माओवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट, मार्ग अवरुद्ध, आगजनी, हत्या जैसे कई घटनाओं को अंजाम दिया है. अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है. दरअसल, बीते 4 नवंबर को भाजपा नेता रतन दुबे झारा थाना इलाके के ग्राम कौशलनार में चुनाव प्रचार करने गये हुए थे. रतन दुबे कौशलनार के बाजार में एक माइक और स्पीकर के सहारे भाजपा की योजनाओं और घोषणाओं को गोंडी में ग्रमीणों को बता रहे थे और भाजपा के पक्ष में वोट मांग रहे थे. कुछ देर बाद ही पीछे से माओवादियों ने उन हमला कर दिया था. नक्सलियों ने धारदार हथियार से भाजपा नेता पर बेरहमी से लगातार वार किया. सूचना मिलने पर तत्काल उन्हें जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया. जहां डॉक्टरों ने रतन दुबे को मृत घोषित कर दिया.

### नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, 5 जवान घायल

**सुकमा,11 दिसंबर।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा के सालातोंग में सड़क निर्माण की सुरक्षा में लगे जवानों पर नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है. क्‍एऊब्लास्ट की चपेट में आने से 5 जवान घायल हुए हैं. घायलों को एयरलिफ्ट किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि डब्बामर्का कैंप से जिला बल कोबरा और सीआरपीएफ के जवान सलातोंग के पहुंचे तभी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया.मिली जानकारी के अनुसार, सुकमा के थाना किस्टाराम क्षेत्रांतर्गत कैम्प डब्बामरका से जिला बल, सीआरपीएफ 217 वाहिनी और कोबरा 208 वाहिनी की संयुक्त पार्टी सालातोंग में रोड निर्माण सुरक्षा ड्यूटी के लिए रवाना हुए थे. अभियान के दौरान लगभग 10:15 बजे सालातोंग के पास प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से 02 जवान घायल होने की सूचना है.

# टीईटी प्रमाणपत्र आजीवन वैध: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,11 दिसंबर।** हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद आदेश देते हुए कहा है कि टीईटी प्रमाणपत्र आजीवन वैध है. वैधता समाप्त होने के आधार पर अपात्र करना गलत है. दरअसल, संचालक लोक शिक्षण रायपुर ने बस्तर व सरगुजा संभाग में शिक्षकों के रिक्त पद के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए थे. शिक्षक के रिक्त पद के लिए राजनांदगांव निवासी मनीषा ठाकुर ने आवेदन दिया और भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुई, जिसमें सफल होने के बाद संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर ने टीईटी प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त होने के आधार पर उन्हें नियुक्ति के लिए अपात्र कर दिया.



उन्होंने इसे लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें बताया गया कि एनसीटीई ने वर्ष 2021 में प्रमाणपत्र की वैधता आजीवन की है. इसके आधार पर राज्य शासन ने भी 2021 में सर्कुलर जारी कर टीईटी प्रमाणपत्र को आजीवन वैध किया है, इसलिए उन्हें टीईटी प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त होने के आधार पर अपात्र किया जाना गलत है. जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल ने मामले की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता को अभ्यावेदन देने एवं शासन को 60 दिवस के अंदर नियमानुसार निराकृत कर नियुक्ति के संबंध में निर्णय लेने के निर्देश जारी किए हैं.

# नगर पालिका अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

## कांग्रेस की हार की ली नैतिक जिम्मेदारी

**कवर्धा,11 दिसंबर।** क्षेत्र में कांग्रेस की हार के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. बहुत जल्द नए अध्यक्ष पद का चुनाव होगा. कांग्रेस पार्षद ही नगर पालिका अध्यक्ष बन सकते हैं.

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर की करारी हार के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपना त्याग पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा को सौंप दिया है. बता दें कि कवर्धा नगर पालिका में 19 कांग्रेस पार्षद, भाजपा से 6 पार्षद और 1 निर्दलीय पार्षद हैं. नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा पूर्व मंत्री मो. अकबर के काफी करीबी माने जाते हैं और मंत्री मो. अकबर ने ही पार्षद दल के नेता चुने थे और कवर्धा नगर पालिका का अध्यक्ष बनाया गया था. वहीं पत्रकारों से चर्चा करते हुए ऋषि शर्मा ने कहा कि प्रदेश में विधामसभा चुनाव हुए, जिसमें भाजपा को बहुमत मिली और कवर्धा शहर में 42 बूथ हैं. इसमें 35 बूथों में कांग्रेस को करारी हार मिली है. मैं नगर पालिका का अध्यक्ष होने के नाते शहर में हार हुई है उसकी जिम्मेदारी लेते हुए अपने इस्तीफा देता हूं. शर्मा ने कहा, कवर्धा की जनताओं का 4 साल से सेवा करने का मौका मिला. आगे भी



जनता के हित के लिए काम करता रहूंगा. कवर्धा नगर पालिका के जो भी अध्यक्ष होंगे उससे गुजारिश है कि जैसे शहर का 4 सालों में विकास हुआ है वैसे ही चलता रहे.

# देश पर ड्रोन अटैक का खतरा

**नई दिल्ली,11 दिसंबर।** जैसे जैसे हिंदुस्तान प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है देश के दुश्मन भी नई नई साजिशों से मुल्क का माहौल खराब करने की फिराक में लगे हैं। आईएसआईएस के ड्रोन से हमले कर मुल्क को दहलाने की साजिश का अब तक का सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। देश के दुश्मन और आईएसआईएस के आतंकी विदेश में बैठकर अपने हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहे हैं। देश मे ड्रोन अटैक की साजिश बुनी जा रही है। एनआईए ने एक नई और बड़ी साजिश का भंडाफोड़ किया है। ये साजिशकर्ता बोरीवली के पगहा गांव में अपनी जड़ें भी मजबूत कर रहे थे। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर एक बार फिर हमले की बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। आईएसआईएस ने सिर्फ मुंबई ही नहीं, बल्कि देश के 40 बड़े शहरों पर ड्रोन के जरिए हमला करने की योजना बनाई थी। लेकिन एनआईए ने इस खतरनाक साजिश को नाकाम कर दिया। एनआईए ने ठाणे भिवंडी पडघा, भयंदर, पुणे और कर्नाटक में एक साथ 44 जगहों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान ठाणे के भिवंडी तालुका के पडघा-बोरीवली इलाके से 15 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पडघा का रहने वाला साकिब नचान इस साजिश का मास्टरमाइंड है। उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है. उनके पास से 1 पिस्तौल, 2 एयर गन, 8 तलवारें, 2 लैपटॉप, 6 हार्ड डिस्क, 38 मोबाइल फोन, 10 किताबें जब्त की गईं। इसके अलावा नकदी और आतंकी संगठन हमास के 51 झंडे जब्त किए गए। चौंकाने वाली जांच में पता चला कि ये सभी मुंबई पर ड्रोन हमला करने की तैयारी में थे।

**एक नजर**

## मेजर पर हमला करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**भिलाई, 11 दिसम्बर।** नेवई थाना अंतर्गत कांग्रेस नेता पप्पू यादव उर्फ मेजर पर हमला करने वाले फरार दो आरोपियों को कांकेर व एक आरोपी को कवर्धा भागने से पहले ही दबोचा गया। वहीं फरार अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। पूर्व में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं पप्पू की मौत मामले में पुलिस इस मामले में हत्या का अपराध दर्ज करेगी नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि 25 नवंबर की शाम रात करीब 9 बजे की घटना है। पप्पू यादव का भांजा विशाल यादव 24 नवम्बर को स्मृति नगर क्षेत्र में गया था जहां स्टेशन मरोदा निवासी मंगल देवार ने अपने साथियों के साथ मारपीट की थी। फिर मौके से भाग गए थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147,148,294, 307,323, 506 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया पुलिस ने आरोपी हरीश को गिरफ्तार कर लिया था। गंभीर रूप से घायल कांग्रेस नेता पप्पू यादव की रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में 1 दिसंबर की रात्रि में मौत हो गई थी पुलिस फरार चल रहे आरोपियों की तलाश कर रही थी मुखबिर की सूचना पर आरोपी दीवाना देवार (25 वर्ष) व करण मांझी ( 24 वर्ष) को कांकेर से पकड़ा वहीं करण देवार उर्फ दादू कवर्धा भागने की तैयारी कर रहा था रास्ते में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## कंपनी का ताला तोड़ सामान पार

**भिलाई, 11 दिसम्बर।** कंपनी से अज्ञात ने ताला तोड़कर सामान पार कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि तेलहा नाला वार्ड 51 खुर्सीपार निवासी कमलेश साहू अशोक बंसल एण्ड कंपनी में काम करता है। शिकायत किया है कि कंपनी में 7 दिसंबर को काम कम होने के बाद घर चले गए। दूसरे दिन कंपनी के कर्मी अपने काम पर पहुंचे जहां से मशीन, मोटर, वेल्डिंग मशीन आयरन वायर कटर कपर वायर कटा हुआ था और कुछ वायर गायब था। जिसे देख कंपनी के ठेकेदार चिमन लाल देवांगन ने कंपनी के मालिक अशोक बंसल को चोरी की जानकारी दी। चेक करने पर पता चला कि कंपनी के दीवाल फांद कर अज्ञात ने सामान को पार किया। चोरी हुए सामानों की कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है।

## एसएसपी के निर्देश पर मयखानों की सरप्राइज चेकिंग



**भिलाई, 11 दिसम्बर।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की मीटिंग में निर्देश दिए गए थे, जिसमे अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग के मार्गदर्शन में सरप्राइस अभियान चलाया गया। समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के द्वारा रात 9.30 बजे से चलाए गए अभियान में कुल 17 टीम बनाकर जिले के समस्त बारों में एक साथ चेकिंग कार्यवाही की गई थी, जिससे बार संचालकों में हड़कंप मचा हुआ था। इस अभियान के दौरान राजपत्रित अधिकारी , 17 थाना प्रभारी सहित 100 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। जिन्होंने जिले भर के अलग अलग बारों में एक साथ छापा मार कर समझाइश दिया किया। उपरोक्त बारो में रेड कार्यवाही की गई- होटल मार्क, स्टील क्लब, पंजाब बार, होटल लोटस, शिवनाथ कैफेटेरिया, होटल सागर, होटल सम्राट, रॉयल कोर्ट, चिली पेपर, होटल इंद्रलोक, होटल अमित इंटरनेशन, गोल्डन बार, मधुबन बार , ब्लू हेवन बार, जलतरंग बार, मेघदूत बार, होटल किंग्सफोर्ट आदि बारो में जा कर चेक किया गया, चेक करने पर बार का लाइसेंस एवम स्टॉक का निरीक्षण कर समय सीमा का ध्यान रखने व हुक्का न पिलाने की हिदायत दी गई। दुर्ग पुलिस की यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## माधुरी डड़सेना का सम्मान

**अंवरी,11 दिसंबर।** बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान पंजीकृत राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार धमतरी (भखारा) निवासी डॉ माधुरी डड़सेना मुदिता÷ जी शिक्षक का उनकी साहित्य कृति ÷माधुरी मार्तण्ड पर मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड पर फरीदाबाद में सम्मानित किया गया। उनके इस महा ग्रंथ पर 1165 नवीन प्रस्तारित सवैया हैं। ज्ञात हो कि अब तक मात्र 12 सवैया छंद साहित्य में उपलब्ध हैं। लेकिन छंदाचार्य डॉ. रामनाथ साहू ÷ननकी÷ जी ने नये सवैये का प्रस्तार किया है। इन 1165 सवैया पर मुदिता जी ने अपनी लेखनी चला कर अभूतपूर्व उल्लेखनीय कार्य किया है। माधुरी मार्तण्ड के द्वारा पूरे छंद साहित्य जगत में सवैया की संख्या में अभिवृद्धि हुई है। यह विश्व कीर्तिमान मैजिक बुक आफ आर्ट युनिवर्सिटी फरीदाबाद के भव्य आयोजन में 8 दिसंबर को यह सम्मान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर बिलासा छंद महालय के संस्थापक, छंदाचार्य डॉ. रामनाथ साहू ननकी कोषाध्यक्ष सपना दत्ता सुहासिनी, इंद्राणी साहू साँची, कन्हैया साहू अमित छंद साधिका शांति बचलस, कमलेश्वर पटेल इत्यादि उपस्थित थे।

# विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में हर्ष का माहौल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 11 दिसंबर।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व एवं विधायक दल द्वारा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजियां करते हुए मिठाइयां बांटी गई, इससे पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की और उन्हें दुर्ग जिला भाजपा परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य हो कि प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए विष्णुदेव साय ने ही जितेन्द्र वर्मा को दुर्ग जिला अध्यक्ष नियुक्त किया था।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि आदिवासी परिवार में जन्मे साधारण किसान परिवार के विष्णुदेव साय ने अपने गांव बगिया से पंच पद से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करके सरपंच, चार बार विधायक, तीन बार सांसद, केंद्रीय राज्य मंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जैसे पदों को सुशोभित किया है। सरल, सहज, शांत और सौम्य व्यक्तित्व के विष्णुदेव साय की मुख्यमंत्री के रूप में हुई नियुक्ति से भाजपा के साधारण कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ा है।छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ और अनुभवी आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को प्रदेश के सर्वोच्च पद पर नियुक्त करने पर जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज ने भाजपा को अपना एकतरफा समर्थन दिया है, इसके बाद विष्णुदेव साय जैसे वरिष्ठ आदिवासी नेता को छत्तीसगढ़ की कमान देकर आदिवासी समाज का भाजपा ने सम्मान किया है। जिला भाजपा कार्यालय में जश्न मनाने वाले कार्यकर्ताओं में जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, जिला मंत्री दीपक चोपड़ा, प्रवक्ता दिनेश देवांगन, राकेश दुग्गड, मंडल अध्यक्ष मदन वाढ़ई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, डॉ. सुनील साहू, चतुर्भुज राठी, डॉ. राहुल गुलाटी, युवा मोर्चा जिला मंत्री रितेश शर्मा, आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कंडरा, अजय ब्रह्मभट्ट, रोमनाथ साहू, गणेश निर्मलकर, डॉ. शरद अग्रवाल, संदीप जैन, मनमोहन शर्मा, नरेश शर्मा, रजा खोखर, धर्मेंद्र यादव, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, अरुण सिंह, द्वारिका साहू, संजय बोहरा, रितेश शर्मा, लक्ष्मी ठाकुर, अबीर गोयल, शीतल जांगिड़, शारदा यादव, रोशनी चंद्राकर, भास्कर तिवारी, राहुल कुमावत, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, रितेश जैन, तनय बिहारी, इकराम कुरैशी, ईश्वर देवांगन, चंद्रप्रकाश मेश्राम, निशिकांत मिश्रा, विष्णु साहू, मुरली सचदेव, पंकज खरिया, दुष्यंत साहू, राहुल सिंह, उदय पाल, मलखान सिंह लोधी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ललित के स्वागत में उमड़े लोग,महिला समूहों व पार्षदों ने दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दुर्ग ग्रामीण से जीत दर्ज करने वाले ललित चंद्राकर लगातार लोगों से मिल रहे हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने व दुर्ग ग्रामीण से कांग्रेस के कद्दावर नेता ताम्रध्वज साहू को हार का स्वाद चखाने वाले ललित चंद्राकर की चौतरफा सराहना हो रही है। विधायक बनने के बाद क्षेत्र की जनता ललित चंद्राकर से मिल रही है और उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को विभिन्न प्रतिनिधि मंडलो ने विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात की।बता दें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर ने कांग्रेस नेता व गृहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू को भारी मतों के अंतर से हराया। ताम्रध्वज साहू जैसे दिग्गज नेता को पहली बार चुनाव लड़ रहे ललित चंद्राकर ने धूल चटा दी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के चौतरफा विकास के लिए लोगों ने ललित चंद्राकर को दिल से समर्थन दिया है। वहीं विधायक बनने के बाद ललित चंद्राकर सादगी पूर्वक लोगों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याएं भी सुन रहे हैं। सरकार गठन के बाद उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा भी दिला रहे हैं।

### महिला समूह ले लेकर सामाजिक संगठनों ने दी शुभकामनाएं

ललित चंद्राकर के विधायक बनने के बाद दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शुक्रवार को महिला समूह, महिला संगठन व सामाजिक संस्था के लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे। रिसाली निगम के भाजपा पार्षदों ने भी ललित चंद्राकर से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। यही नहीं व्यापारी मंडल के सदस्यों ने भी ललित चंद्राकर से भेंटकर उन्हें इस भारी जीत के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुलाकात के दौरान ललित चंद्राकर ने भी भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ क्षेत्र की जनता ने उन्हें विधायक चुना उसे विश्वास को वे टूटने नहीं देंगे। क्षेत्र का समुचित विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

# आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को सीएम बनने पर पूर्व मंत्री ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






उतई, 11 दिसंबर। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री पद की कमान वरिष्ठ आदिवासी नेता ,वरिष्ठ भाजपा नेता ,पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री,पूर्व सांसद , व पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री विष्णुदेव साय जी के बनने पर छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रमशिला साहू ने बधाई देते हुए कहा कि विष्णुदेव साय जी प्रदेश सहित देश के वरिष्ठ भाजपा नेता है उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आदरणीय मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य को विकास के शिखर पर लेजाकर समृद्ध ,विकसित राज्य बनेगा ।

पूर्व विधायक डा दयाराम साहू के कहा की श्री विष्णुदेव साय जी पार्टी के वरिष्ठ नेता है जिनको भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी है जिसके लिए बहुत बहुत बधाई डा सही ने कहा की से जी के नेतृत्व में प्रदेश का समुचित विकास होगा ,।

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू ने कहा की प्रदेश को पहली बार आदिवासी प्रतिनिधित्व देते हुए मुख्यमंत्री के पद पर श्री विष्णुदेव साय जी को सौंपी गई है जिसकी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश अपनी अलग पहचान बनाने में सफल होंगे राज्य के किसानों के उत्थान ,समृद्ध विकास में मोदी जी गारंटी के साथ कार्य होंगे ।

## संगीत के माध्यम से दी गई श्रद्धांजलि

**अंवरी ।** ग्राम सिहाद निवासी भागवत साहू के पिता जी स्व. श्री छबिलाल साहू की प्रथम पुण्य स्मृति के अवसर 9 दिसम्बर दिन शनिवार को अटल चौक नगर पंचायत भखारा में दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक संगीत श्रध्दांजलि का आयोजन किया गया था।

जिसमें संगीतकारों ने अपने संगीत मध्यम से लोगो का मन मोह लिया जिसमें सोहेन्द्र सिहं गुरुदत्ता, मुकेश यादव, वेदप्रकाश वर्मा, भोज राम साहू, बिरेंद्र कुमार साहू, रविकुमार सिन्हा, कामता प्रसाद साहू, देव कुमार कलिहारी,भागवत साहू, सुखित राम साहू, डॉक्टर राजेन्द्र किरण, भगत साहू एवं बड़ी संख्या में नगरवासियो ने संगीत का लुप्त उठाया।

## काव्य गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन

**भिलाई, 11 दिसम्बर।** आईना-ए-अदब तंजीम भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में एक नशिस्त (काव्य गोष्ठी) और सम्मान समारोह का आयोजन 9 दिसंबर को शायर मोहम्मद अबू तारिक के कोहका स्थित निवास में किया गया। इसमें हजल गो शायर रामबरन कोरी कशिश भिलाई नगर और उर्दू अदब से जुड़े गजलकार आलोक नारंग दुर्ग का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कला परंपरा के अध्यक्ष डॉक्टर डीपी देशमुख,अफसाना निगार शायर रौनक जमाल और साहित्य सृजन परिषद भिलाई के अध्यक्ष एनएल मौर्य विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन में शायर रौनक जमाल बताया कि उन्हें अमेरिका से मानद उपाधि का सम्मान मिला है और जल्द ही वह अमेरिका जा रहे हैं। इस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी। डॉक्टर डीपी देशमुख ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना का पाठ किया। इस मौके पर रायपुर, राजनांदगांव और दुर्ग से आए साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इनमें एलएन मौर्य, आशा झा, एजाज बशर, इस्माइल आजाद, मुमताज, हाजी ताहिर खान, रौनक जमाल, असलम खान, टीएन कुशवाहा, अंजन कुमार, शचि भवि, मोहम्मद हुसैन, सरवर आलम, अजहर अली, इस्माइल आजाद, रियाज खान गौहर, जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, सुशील यादव, ललिता कोरी, नेहा जयसवाल, डॉक्टर यशवंत, यश सूर्यवंशी, सोनिया सोनी, संध्या जैन, आशा झा, राजकुमार चौधरी, सरवर, सुल्तान और नावेद राजा दुर्गवी सहित अन्य ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी ने किया। संचालन नावेद राजा दुर्गवी ने और धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद अबू तारिक ने दिया।

# राष्ट्रीय साहसिक शिविर में छत्तीसगढ़ के 20 स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा



**भिलाई, 11 दिसम्बर।** भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर 27 नवंबर 2023 से 6 दिसंबर 2023 तक हिमाचल प्रदेश पर आयोजित किया गया था, जिस पर अपनी सहभागिता देने के लिए राजस्थान,बिहार एवं छत्तीसगढ़ से 50 स्वयंसेवक चयनित किए गए थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से 20 स्वयंसेवक एवं दो दल प्रभारी रविशंकर विश्वविद्यालय से डॉ आर के रजक एवं हेमचन्द विश्वविद्यालय से डॉ चांदनी मरकाम का चयन हुआ। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से 6 स्वयंसेवक तन्नुप्रिया साव, टिकेश्वरी, निशा, संदीप, शिवम्, पुष्पेंद्र का चयन किया गया ।दोनों दल प्रभारी के मार्गदर्शन में सभी स्वयंसेवकों ने 10 दिवस तक साहसिक शिविर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रत्येक गतिविधि में प्रथम स्थान प्राप्त किया सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साहसिक कार्यक्रमों में अन्य प्रदेश की अपेक्षा छत्तीसगढ़ के कार्यक्रमों की सराहना की गई इन 10 दिवस के जल क्रीड़ा प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों को अनेक प्रकार के साहसिक गतिविधि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिनमें उन्हें तैराकी,बोटिंग,सर्फिंग एवं अन्य प्रकार के गतिविधियों का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। हेमचन्द विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अरुणा पलटा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर आर पी अग्रवाल ने समस्त स्वयंसेवक को एवं दल प्रभारी को कि इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं अपनी प्रसन्नता व्यक्त की ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से किया संवाद

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों एवं किसानों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं का पूर्ण लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। कृषि विज्ञान केंद्र, महासमुंद में मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू, कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक मौजूद थे।वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम सभी के समवेत प्रयास से ही भारत विकसित बनेगा। हम सभी को पूरी निष्ठा और बेहतर प्रयासों से ही भारत को विकसित बनाना है। मजबूत इच्छाशक्ति के बलबूते कुछ भी किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है, जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं का पूर्ण लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जिससे लोगों को कम समय में ही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा योजना ने लोगों के जीवन में बदलाव लाया है, इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। स्वसहायता समूह से जुड़कर महिलाएं नए रोजगार सृजित कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रहीं हैं। युवा वर्ग कौशल उन्नयन कर स्वरोजगार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना आगामी समय में कृषि व महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाएगा।

## टहलने निकले बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया, मौत

**भिलाई, 11 दिसम्बर।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत घर से टहलने निकले एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भिलाई-3 पुलिस ने बताया कि बीएमवाय चरोदा इंदिरानगर निवासी अशोक दास (65 वर्ष) रोज की तरह से आज सुबह टहलने निकले थे रेल नगर गेट के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत हो गई।

# क्रिश्चियन समुदाय ने निकाली वेलकम रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 दिसम्बर।** दुर्ग-भिलाई मसीही समुदाय द्वारा यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल के तत्वावधान में क्रिसमस वेलकम महारैली निकली गई। यह रैली सेक्टर 01 मुर्गा चौक से शुरू होकर सेंट्रल एवेन्यू होते हुए हॉस्पिटल सेक्टर के ईस्टर ग्राउंड में शाम 09 बजे समाप्त हुई। जहां क्रिसमस के स्वागत की तैयारी से संबंधित नृत्य-गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस रैली में विभिन्न प्रकार की झांकी एवं छत्तीसगढ़ मसीह लोक संगीत के द्वारा यीशु मसीह के संदेश को प्रदर्शित किया गया। रैली में विशेष रूप से दुर्ग भिलाई के गिरजाघर एवं सामाजिक संस्थाएं, बिशप, पास्टर्स, पल्लीपुरोहित, सभी संगठनो के अधिकारीगण, दुर्ग भिलाई के सभी फेलोशिप के लीडर्स शामिल हुए, साथ ही उतई, जामुल, बालोद, बेमेतरा, राजनंदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ से इस महारैली में शामिल होने के लिए मसीही समाज के लोग एकत्रित हुए। इस दौरान जगह-जगह विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक रैली का स्वागत किया, जिनमे प्रमुख रूप से सिविक सेंटर चौक में यू विधायक देवेंद्र यादव, सेक्टर-10 शांति बेकरी चौक में नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य विभिन्न समाज के प्रमुख लोगों ने रैली का स्वागत किया एवं क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

### झूमते-गाते दिया क्रिसमस के आगमन का संदेश

रैली में हजारों की संख्या में बच्चे, युवा एवं समाज के लोगों ने झूमते नाचते गाते उत्साह के साथ क्रिसमस के आगमन का संदेश दिया कि यीशु मसीह का जन्म इस जगत में मानव जाति के उद्धार के लिए मनुष्य को अनंत जीवन का मार्ग दिखाने के लिए आया, यही प्रेम का शुभ संदेश दिया गया। और सभी 25 दिसंबर को आने वाले क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### देश की उन्नति के लिए मांगी दुआ

रैली के स्वागत के लिए प्रत्येक चौक चौराहे पर विभिन्न चर्च के छोटे-छोटे बच्चे हाथों में तख्तियां लिए हुए जिनमे हुए बाइबल के संदेशों को लिखा हुआ था खड़े थे। जहां चर्च के पास्टर्स ने भिलाई, छत्तीसगढ़ एवं देश में शांति, सद्भाव व प्रेम के साथ देश उन्नति के शिखर पर पहुंचे महामारी व बीमारियों से देश को बचाने की दुआ मांगी गई।इस रैली में दुर्ग भिलाई के फैलोशिप के अंतर्गत आने वाले 150 से ज्यादा गिरजाघरों के 10,000 से ज्यादा लोगों के शामिल हुए। जिसमे संयुक्त ईसाई परिषद, एपिस्कोपल चर्च फ़ेलोशिप, कैथोलिक चर्च, दुर्ग-भिलाई सीरियाई ऑर्थोडॉक्स चर्च दुर्ग-भिलाई मार्थोमा चर्च भिलाई, क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6, बैपटिस्ट चर्च सेक्टर 6मेनोनाइट चर्च सेक्टर 9, भिलाई दुर्ग पादरी एवं नेता फेलोशिप, छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फेलोशिप, सीजी राज्य मसीही समाज संघ वेफेयर सोसायटी, सीसीएफ युवा सभा, यूसीसी युवा सभा, भिलाई-3 पास्टर्स फ़ेलोशिप, एपिस्कोपल रिवाइवल इंटरनेशनल डायोसीज़, तेलुगु पादरी फ़ेलोशिप, सीजी अल्पसंख्यक उड़िया मसीह समाज, ग्रामीण पादरी फ़ेलोशिप, सार्वभौम सुसमाचार मिशन, उत्तल पादरी फैलोशिप, भिलाई और दुर्ग सभी मेन लाइन चर्च सहित दुर्ग भिलाई के सभी गिरजाघरों सदस्य शामिल रहे। रैली में मुख्य रूप से बिशब राजू थॉमस रंबा, फादर जोसेफ थॉमस, फादर शिनू चेरियन, रेवरेंड अर्पण तरुण, रेवरेंड अतुल कुमार, रेवरेंड राकेश प्रकाश, पास्टर एम जोनाथन, पास्टर सीजू थॉमस, पास्टर ओबेद दास, पास्टर वीसी सईद, पास्टर जोशमोन, पास्टर विनोद आचार्य, पास्टर मोजेस लोगन, पास्टर ओबेद दास, पास्टर मनीष दान, पास्टर अजय पाल, पास्टर एस. गाड़िया, पास्टर संतोष राव, पास्टर विद्या, सीजू एंथोनी, साजन जोसेफ, पी. जोशुआ, के. जोएल, अभिषेक शावल, सैमुअल डेविड, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## निधन

### ललन कुमार यादव

**भिलाई, 11 दिसम्बर।** सड़क 12, 7बी सेक्टर 7 निवासी ललन कुमार यादव उम्र 43 वर्ष का आकस्मिक निधन दिनांक 10 दिसंबर 2023 को हो गया है। वे अपने पीछे अंश कुमार यादव पुत्र, विनय कुमार यादव - संजय कुमार यादव भाई के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार निवास स्थल से रामनगर मुक्तिधाम में 11 दिसंबर को दोपहर 02 बजे किया गया । वे भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल महामंत्री एवं बोल बम समिति के अध्यक्ष थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।



एक नजर

## ब्राह्मण विधायकों को सरकार में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जावे

**रायपुर 11 दिसंबर।** सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नव नियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को बधाई दी । श्री मिश्रा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मांग की है कि ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित विधायकों को भी ससम्मान मंत्री पद एवं प्रतिष्ठित पदों पर आसीन किया जावे।

## मतपत्र से चुनाव कराएं या ईवीएम से नोटा हटाएं

**रायपुर 10 दिसंबर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष श्री रमेश आहूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष



श्री कुलदीप सिंह चावला ने एक बयान में कहा कि पहले मतपत्रों से ही चुनाव कराये जाते थे अब ई.व्ही.एम. से चुनाव कराये जाते है। ई.व्ही.एम. में नोटा है यदि कोई प्रत्याशी 100-200 वोट से चुनाव हार जाता है और नोटा में 2000-3000 वोट चले जाते है। यदि नोटा वाले वोट प्रत्याशी को मिलते तो वह चुनाव जीत सकता है। यदि ई. व्ही.एम. में नोटा नहीं हो तो नोटा वाले वोट किसी भी प्रत्याशी को मिल सकते है और रिजल्ट उसके पक्ष में हो सकता है । कोई भी अनपढ़ मतदाता जानबूझकर नोटा का बटन नहीं दबाता है गलती से दब जाता है। नोटा, प्रत्याशी के भविष्य के साथ खिलवाड़ है इस कमी को चुनाव आयोग को नोटा हटाकर ठीक करना है । अतः आपसे प्रार्थना है कि या तो मतपत्र से चुनाव कराये जाये या ई.व्ही.एम. से नोटा हटा दिया जाये तो सही ढंग से चुनाव हो सकते है ।

## शहीद वीर नारायाण सिंह के मातृभूमि के प्रति समर्पण को हमेशा याद किया जाएगाः भोलाराम



**खुज्जी 11 दिसंबर।** खुज्जी विधायक भोलाराम साहूआज ग्राम गर्रापार पहुंचकर छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह को उनके बलिदान दिवस10 दिसंबर पर नमन किया।विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे ,उन्होंने सन 1956 की भीषण आकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया।विधायक भोलाराम साहू ने आगे कहा कि उन्होंने 1957 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में छत्तीसगढ़ की जनता में देशभक्ति का संचार किया।राज्य सरकार ने उनकी स्मृतिको आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग में उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शहीद वीर नारायणसिंह सम्मान स्थापित किया है।विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि शाहिद वीर नारायणसिंह अन्याय के खिलाफ संघर्ष, मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान से हमेशा याद किया जाएगा।

## धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर छापामार कार्रवाई : धान, ट्रेक्टर जप्त

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 11 दिसंबर ।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर खाद्य विभाग, मार्कफेड और मंडी बोर्ड के माध्यम से धान खरीदी, भंडारण और परिवहन पर समिति बनाकर कार्य किया जा रहा है।

खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, खाद्य निरीक्षक और मंडी समिति की टीम ने बिलाईगढ़ विकासखंड के बांसउरकुली में नारायण प्रसाद साहू के प्रशांत ट्रेडर्स में धान के अवैध भंडारण पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत 86 क्विंटल धान जप्त किया है। इसी प्रकार बिलाईगढ़ क्षेत्र के पवनी निवासी रामकृष्ण साहू के ट्रेक्टर में चालक दिवाकर साहू से प्राप्त लगभग 33 क्विंटल धान बिना टोकन, रसीद और दस्तावेज नहीं मिलने पर, ट्रेक्टर सहित धान जप्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने धान खरीदी, भंडारण और परिवहन पर छापामार कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# तीरंदाजी का महत्व महाभारत और रामायण काल में भी : मुंडा

**रायपुर 11 दिसंबर।** भेंट-मुलाकात कार्यक्रत के तहत भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा साइंस कालेज मैदान में पहुंचे, इस दौरान उन्होंने तीरंदाजी के खिलाड़ियों से मुलाकात किया और उनसे कहा कि तीरंदाजी का महत्व महाभारत और रामायण में भी है। इस अवसर पर खेल एवं कल्याण की डायरेक्टर श्वेता सिंह, छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका, संघ के पदाधिकारी सुनील शर्मा, विक्की शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण के समस्त स्टाफ के साथ साई के इंचार्ज, तीरंदाजी संघ के कोच, खिलाड़ी भी उपस्थित थे। अग्रवाल समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा कि तीरंदाजी का महत्व महाभारत और रामायण में भी इसकी विविधता के बारे में जानकारी है और वे तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए लगातार कर रहे प्रयास। भारत के तीरंदाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल ला रहे हैं और उनकी हौसला




अफजाई करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों के साथ उनका मान सम्मान बढ़ाने के लिए चाय में समय-समय पर आमंत्रित करते रहे हैं।

इस अवसर पर विजय अग्रवाल, हनुमान अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, राम अग्रवाल, आयुष मुरारका, ष्टस् सौरभ, बंटी अग्रवाल संजय अग्रवाल, राकेश अग्रवल, तीरंदाजी संघ के कोच अवन कुमार, हीरू साहू, श्रद्धा मैडम के साथ 100 से अधिक तीरंदाज खिलाड़ियों ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। तीरंदाजी संघ के तीनों कोच और टीटी बेहरा ने साल और श्रीफल से राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुष्पहार से स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका और अग्रवाल समाज के लोगों ने केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन ने मानव अधिकार दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 229 बटालियन में आज दिनांक 10/12/2023 को मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्री सुशील कुमार मिश्रा, उप महानिरीक्षक, के सहयोग से श्री ताजूद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बीजापुर द्वारा इस वाहिनी के अधिकारीयों एवं जवानों को संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को ÷मानव अधिकार दिवस÷ के रूप में मनाया जाता है। इस घोषणा को वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के महत्व को समझने के लिए सार्वभोमिक रूप से स्वीकृत किया गया था। मानव अधिकार इंसान को जन्म से ही प्राप्त है। मानव अधिकार वे मूलभूत अधिकार है जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता। मानवाधिकार दिवस मनाने का मकसद लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा का भी अधिकार शामिल है। इस दिन का महत्व बताने के उपरांत श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों से इस संबंध में उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का भी जवाब दिया गया। अंत में श्रीमती वर्षा अरूण शर्मा, सहा. कमाण्डेन्ट द्वारा वाहिनी के कमाण्डेन्ट श्री पुष्पेन्द्र कुमार, सभी अधिकारियों एवं जवानों की तरफ से श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का इस दिवस पर वाहिनी में पधारने तथा अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया।



# शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी समाज ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**कुरूद 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं गरीबों के सच्चे मसीहा, सोनाखान के सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर 2023 को क्षेत्र के आदिवासी समाज सहित अन्य राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने भी उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए बायपास रोड, शहीद वीर नारायण सिंह चौंक (सिरसा पारा ) कुरूद में स्थापित उनके आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण भेंट कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज कुरुद तहसील के अध्यक्ष ठाकुर राम नेताम , ध्रुव गोड़ समाज के तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर , पूर्व तहसील अध्यक्ष कुलंजन सिंह मांडवी, पूर्व मंडी अध्यक्ष झागेश्वर ध्रुव , हरिश्चंद्र मांडवी भूपेंद्र नेताम तेजराम छेदैया, पोखराज नेताम, फलेंद्र ध्रुव , ललित सोरी, बीरबल कुंजाम, विष्णु छेदैया, प्रेम सिंह ध्रुव, संजय नेताम,राम्हीन ध्रुव,कलिंद्री ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, प्रेमु मरकाम ,राहीबाई ध्रुव, सरस्वती नेताम ,कैकई मरकाम, राहीबाई ध्रुव, कमल सोरी, राजकुमार कतलम, रोहित नेताम, मालक राम साहू रामायण ध्रुव सहित सैकड़ो आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे। वहीं कांग्रेस पार्टी के सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रमोद साहू, मनोज अग्रवाल, उत्तम साहू, मनीष साहू , देवव्रत साहू, राघवेन्द्र सोनी, चुम्मन दीवान, रोशन जांगड़े, पवन ध्रुव ने भी माल्यार्पण अर्पण कर श्रद्धांजलि दिया।




# छुरिया पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक भोलाराम साहू का जोरदार स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 11 दिसंबर।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 के नवनिर्वाचित विधायक भोला राम साहू छुरिया और अंबागढ़ चौकी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के पहुंचते ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्तागण गुलदस्ता, पुष्पमाला एवं गजमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।विधायक भोलाराम साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा किआप सभी की प्रेम, स्नेह ,आशीर्वाद और मेहनत से इस क्षेत्र में मुझे तीसरी बार विधायक बनने का सौभाग्य मिला है। इसके लिए मै आप सभी का हार्दिक आभार प्रकट करता हूंऔर आपके दुख सुख में सदैव आपके साथ रहूंगा।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन राजू सिन्हा राम साहू पूरन नेताम विपिन यादव राजकुमारी सिन्हा शूनिल लरोकर अध्यक्ष नगर पंचायत सतीष पटेल पुष्पा सिन्हा यशवंत तिवारी शकील कूरैशी मनोज यादव अनिल लरोकर अकील मेमन सलमान खान राधे ठाकुर नरेश शुक्ला एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# डोंगरगांव पुलिस ने अपहृता को बरामद कर माता पिता के सिपुर्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 11 दिसंबर।** 19 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे अपराधियों पर सिकंजा कसने हेतु जारी कार्यवाही मे थाना डोंगरगावं मे दर्ज अपहरण के मामले मे लगातार अपहृता एवं आरोपी की हर संभव पता तलाश मे वरिष्ट कार्यालय , सायबर सेल राज0, व मामुर मुखबीर की सहयोग ली जा रही थी , दौरान पतासाजी के दिनांक 05.12.23 को अपहृता आरोपी से बचकर अपने माता पिता को फोन किया , जिसे थाना डोंगरगांव मे बरामदगी पंचनामा तैयार कर अपहृता का विधि अनुसार कथन दर्ज किया , एवं आरोपी की लगातार पता



तलाश के दौरान मुखबीर से पता चला कि आरोपी अपने गृह ग्राम किरगी मे है , कि सुचना पर हमराह स्टाफ ग्राम किरगी मे जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया , जिसे पुलिस हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर नाबालिक लड़की को अपने साथ शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाकर नागपुर शहर महाराष्ट्र मे बलात्कार करते रहना जुर्म स्वीकार किये जाने से आरोपी ललित साहू पिता दलीराम साहू उम्र- 23 साल, पता- ग्राम किरगी , थाना डोंगरगावं, जिला राजनांदगांव, छ0ग0 को धारा- 363,366,376,376(2)(ढ) भादवि, एवं 4,6 पोक्सो एक्ट के तहत दिनांक 09.12.23 के 12.10 बजे गिर0 कर माननीय न्यायालय के समक्ष ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । बलात्कारी आरोपी को पकडने मे ,थाना प्रभारी निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम मे सउनि देवकुमार रावटे, प्र0आर0 693 भुपेन्द्र कौंचे, आर0 क्र 1507 राकेश कुमार साहू की विशेष योगदान रहा है ।

# विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भाजपाईयों ने की आतिशबाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता व सरगुजा संभाग के कुनकुरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक विष्णुदेव साय जी को 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के विधायक दल ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री चुन लिया है सरल स्वभाव व सहज व्यक्तीत्व के धनी साय जी को नए मुख्यमंत्री बनाए जाने पर प्रदेश भर के भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता खुशियाँ मनाते हुए दिखाई दे रहे हैं विष्णुदेव साय विधायक,सांसद,छत्तीसगढ़ भाजपा के अध्यक्ष के साथ साथ केंद्र में मंत्री रहकर सभी जिम्मेदारीयों को बखुबी निभा चुके हैं राजनीति में उनकी हर कार्य में निपुणता को देखते हुए अब उन्हें छत्तीसगढ़ में बेहतर सरकार चलाने मुख्यमंत्री बनाते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है उनके मुख्यमंत्री बनाए जाने पर चारामा के भाजपा मंडल के द्वारा भी नगर के भारत माता चौक में आतिशबाजी कर खुशियाँ मनाते हुए सभी को मिठाइयाँ बांटी गई इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश वाधवानी, चारामा भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोतवनी, नगर पंचायत चारामा के अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, पार्षद नंदकिशोर गौतम, धर्मेंद्र कुन्जाम, महिला नेत्री जयश्री सिन्हा, उत्तम साहू, भोज राजपूत, अजय जगवानी, स्वपन बोष, सुरेश सबनानी, परमेश्वर यादव, पप्पू लोहले, अशोक देवांगन सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



## प्रभा खेतान फाउंडेशन ने किताब कार्यक्रम में अनंत विजय की पुस्तक के अनावरण के साथ अयोध्या चैप्टर की शुरुआत की



**रायपुर 11 दिसंबर।** प्रभा खेतान फाउंडेशन (पीकेएफ) ने अयोध्या के राज सदन में स्थित रॉयल पैलेस में प्रतिष्ठित पत्रकार और लेखक अनंत विजय की नयी हिंदी पुस्तक, ओवर द टॉप- ओटीटी का मायाजाल के अनावरण के साथ अयोध्या में अपने नए चैप्टर की शुरुआत के साथ अपने सांस्कृतिक और साहित्यिक पदयात्रा का विस्तार किया। अयोध्या में शाही परिवार के वंशज और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा ने शहर में रहने वाले अन्य बड़ी हस्तियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से अनंत विजय की पुस्तक का अनावरण किया। इस मौके पर मौजूद अन्य गणमान्य समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों में गिरीश पति त्रिपाठी (अयोध्या के मेयर), राज करण नैय्यर (एसएसपी अयोध्या), पंडित मिथिलेश नंदिनी शरण, गौरव दयाल (अयोध्या के पुलिस आयुक्त) के अलावा समाज के कई अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे। इस कार्यक्रम के बाद संवाद सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज राजन त्रिपाठी के साथ चर्चा सत्र में लेखक अनंत विजय ने अपनी इस पुस्तक से लेकर कहानियां, उपाख्यान और अंतर्दृष्टि से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचारों को साझा किया। प्रभा खेतान फाउंडेशन ने हाल ही में भारत और विदेशों में 55 से अधिक शहरों में अपने सांस्कृतिक और साहित्यिक पदचिह्न का विस्तार करने के लिए न्यूयॉर्क, भूटान और उत्तर-पूर्व भारत के सात राज्यों के कुछ प्रमुख शहरों को शामिल किया है, जिसमें भगवान राम की नगरी अयोध्या का नवीनतम जुड़ाव शामिल है। इससे पहले, जुलाई 2023 में, प्रभा खेतान फाउंडेशन ने अयोध्या में तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव, रामायण कला उत्सव का आयोजन किया था।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई

**रायपुर 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा,सचिव राजेश चटर्जी एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर श्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ राज्य का मुख्यमंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि संघर्षशील व्यक्ति ही संघर्ष को समझ सकता है। फेडरेशन सदैव कर्मचारी हित को सर्वोपरि मानकर मौलिक अधिकार के लिए संघर्षरत रहा है। राज्य के उन्नति तथा अधोसंरचना के निर्माण में कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई है। फेडरेशन को उम्मीद है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी के मुद्दों पर त्वरित समाधान होगा। उन्होंने बताया कि फेडरेशन राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मिलकर कर्मचारियों के भावनाओं से अवगत करायेंगे। राज्य का कर्मचारी राज्य के विकास रथ का ध्वज वाहक है। राज्य का सर्वांगीण विकास के लिए कर्मचारी एवं उनके परिवार का वर्तमान एवं भविष्य को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि राज्य के कर्मचारियों के लिए के किये गए घोषणाओं का सफल फेडरेशन ने कहा है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी सरकार के नीति-निर्धारण एवं जमीनी क्रियान्वयन के दिशा में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे।

## एकल गायन में कुमकुम व युगल में अक्षिता व गीतिका रहीं प्रथम



**रायपुर 11 दिसंबर।** वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम के तहत सोमवार को गुरुकुल महिला महाविद्यालय में एकल एवं युगल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एकल गायन में जहां बी. कॉम प्रथम वर्ष ही छात्रा कुमकुम प्रथम रही वहीं युगल गायन में बी. कॉम तृतीय वर्ष की छात्राएं अक्षिता एवं गीतिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। सोमवार को महाविद्यालय में एकल एवं युगल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक गीत, पंजाबी, रोमांटिक फिल्मी गानो पर मनमोहक प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल में डॉ अमिता तेलंग (विभागाध्यक्ष - कम्प्यूटर विज्ञान) और डॉ अंकिता चौधरी(वनस्पति शास्त्र) थे। डॉ मेघा अग्रवाल, डॉ अनुराधा गुप्ता, श्रीमती वर्षा सोनी,श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी इन सहायक प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंगलवार को गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

## रविवि पीजी की सेमेस्टर परीक्षा 29 से

**रायपुर 11 दिसंबर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं इसी माह के आखिरी से शुरू होने जा रहीं हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी टाइम टेबल के मुताबिक एमए, एमएससी, एमबीए थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 29 दिसंबर से होगी। वहीं, प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 जनवरी से शुरू होंगी। एमटेक, बीएड, एमएड, एलएलएम, बीए एलएलबी समेत अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं अलग-अलग तिथियों पर होंगी। परीक्षाएं पहली पाली यानी सुबह 11 से दोपहर 2 बजे के बीच होगी। इस परीक्षा में 56 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

महिला प्राचार्य के कृत्य से शिक्षा का मंदिर शर्मसार, बर्खास्त करने की मांग उठने लगी

# सांकरा हाईस्कूल की महिला प्राचार्य ने किया लाखों का भ्रष्टाचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**.नगरी 11 दिसंबर।** विकास खंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरा के प्राचार्य ने जनभागीदारी एवं विकास समिति के बिना प्रस्ताव के स्थानीय मद की राशि क्कक्कस्न विज्ञान,क्रीडा एवं अन्य मद की राशि में हेराफेरी गई है जबकि शासन के नियमानुसार पांच हजार रुपए से अधिक खर्च पर जन भागीदारी एवं विकास समिति का अनुमोदन अनिवार्य होता है तथा शासकीय राशि का व्यय क्रय समिति के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है लेकिन इस नियमों को धत्ता बताते हुए स्कूल के प्राचार्य ने अधिकांश राशि का व्यय केवल स्टेशनरी एवं सीसी टीवी कैमरा में खर्च किया गया है, गौर करने वाली बात है कि मॉनिटर व टीवी शासकीय प्रदाय से है फिर भी 51670 रुपए व्यय किया गया है जो भ्रष्टाचार को उजागर करता है

इस प्रकार शासकीय व स्थानीय निधि की अधिकांश राशि स्वयं प्राचार्य के द्वारा मनमाने ढंग से व्यय किया गया है जो प्राचार्य के अधिकार क्षेत्र से




बाहर है,जनभागीदारी, विकास समिति, एवं क्रय समिति के बिना अनुमोदन के व्यय किया जाना अवैधानिक और नियमों के विरुद्ध है, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में भ्रष्टाचार नीति निर्माण और योजना,स्कूल प्रबंधन,और शिक्षक आचरण को प्रभावित करता है। उपरोक्त जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत मिले आंकड़ों से वर्ष 2021-22 में शासकीय एवं स्थानीय मद से 7.95.765 रु कुल राशि इसी तरह वर्ष 2022-23 में 7.91.55 रुपए कुल टोटल राशि 15.86.820 रूपया होता है जिसमें से 5.80.490 रु खर्च किया गया है उपरोक्त जानकारी जन भागीदारी विकास समिति के प्रस्ताव व अनुमोदन के आधार पर व्यय की गई है लेकिन,बचत राशि 10.6.333 रुपए की हेराफेरी कर भ्रष्टाचार किया गया है, प्राचार्य के द्वारा किए गए शिक्षा में भ्रष्टाचार समाज एवं छात्र छात्राओं के विकास के लिए ख़तरा है क्योंकि यह सामाजिक विश्वास को ख़त्म करता है और असमानता को बढ़ाता है। यह भविष्य के नेतृत्व और श्रम शक्ति के लिए शिक्षित, सक्षम और नैतिक व्यक्तियों के गठन को कमजोर करके विकास को बाधित करता है।आरटीआई कार्यकर्ता ने भ्रष्टाचार की जांच करने एवं उक्त प्राचार्य पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

## एक नजर

### इस पखवाड़े जिले के 234 पुरुषों का नसबंदी ऑपरेशन

**कोंडागांव 11 दिसंबर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले भर में पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन 11 दिसंबर तक किया जा रहा है, इस पखवाड़े में जिले के 234 पुरुषों की नसबंदी की गई है। सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह ने नेतृत्व में सर्वाधिक 174 पुरुषों की नसबंदी का ऑपरेशन किया गया। इस तरह से जिले में कुल 234 पुरुषों ने अभियान को सफल बनाते हुए नसबंदी कराई है। जिसके तहत माकड़ी में 32, केशकाल में 50, फरसगांव में 62 व बड़ेराजपुर में 30 प्रकरणों में नसबंदी सीएमएचओ द्वारा चिकित्सक दल सहित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर की गई। वहीं जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा 60 पुरुषों की नसबंदी की गई है।

### जिला अधिवक्ता संघ का नामांकन 13 से, 20 दिसंबर को होगा मतदान

**जगदलपुर 11 दिसंबर।** जिला अधिवक्ता संघ जगदलपुर के पदाधिकारी का वर्ष 2023-24 के लिए 20 दिसंबर को मतदान होगा। अधिवक्ता संघ की हुई आमसभा के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। नए चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर 11 दिसंबर तक दावा आपत्ति मांगी गई है। दावा-आपत्तियों पर सुनवाई 12 दिसंबर को 2 बजे तक की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र 13 और 14 दिसंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक लेकर जमा किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 14 दिसंबर को शाम 5 बजे होगी। 15 दिसंबर को 11 से 2 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को 2 से 4 बजे के बीच होगा। मतदान 20 दिसंबर को सुबह 11 से 4 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के 1 घंटे बाद मतगणना की जाएगी और देर रात नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। पूर्व में नामांकन भर चुके प्रत्याशियों को नए सिरे से नामांकन भरना जरूरी होगा इनसे सुरक्षा निधि नहीं ली जाएगी, पूर्व में नामांकन भर चुके प्रत्याशी यदि चुनाव में भाग नहीं लेना चाहते तो वह 14 दिसंबर तक आवेदन देकर सुरक्षा निधि की वापसी की मांग कर सकेंगे। यह राशि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के एक सप्ताह के भीतर वापस कर दी जाएगी।

### कलेक्टर ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**नारायणपुर 11 दिसंबर।** आज कलेक्टर अजीत वसंत पहली बार नारायणपुर जिले के पहुंचविहीन क्षेत्र ग्राम कोढ़ेर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा ग्रामीणों की मांगो को पूर्ण करने का भरोसा दिलाया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए ग्राम की समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये। ग्रामीणों द्वारा टेमरूगांव के राशन दुकान की शिकायत पर कलेक्टर ने राशन दुकान की जांच करने के लिए एसडीएम को निर्देशित किये। ग्राम कोढ़ेर में बिजली पहुंची उसकी जायजा लेने के लिए कलेक्टर ने ग्राम कोढ़ेर का भ्रमण किया। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को अपनी समस्याओं का अवगत कराया गया, जिसमें गांव में हैण्डपंप, आंगनबाड़ी, सड़क निर्माण, देवगुड़ी में विद्युत लगाने, टेमरूगांव तक नौ किलोमीटर सड़क और गली निर्माण कार्य की मांग किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी में 40 बच्चे और प्राथमिक शाला मे 28 बच्चे दर्ज हैं। ग्रामीणों द्वारा स्कूलपारा से पटेलपारा पहुंच मार्ग को सड़क बनाने तथा ग्राम पदेली से कोढ़ेर प्राथमिक शाला तक डेढ किलोमीटर तक डब्ल्यूबीएम सड़क बनाने की मांग की गई। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल पहंचाने की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक ही सोलर हैण्डपंप स्थापित है, इससे ही पानी की आपूर्ती की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत ने ग्रामीणों से लघु वनोपज की जानकारी लेते हुए शासन द्वारा निर्धारित दर पर वनोपज को बेचने की समझाईश दी। उन्होंने ग्रामीणों को समझाईश देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो जिला मुख्यालय नारायणपुर आने की आवश्यकता नहीं है, आपके गांव में मोबाईल कनेक्टीवीटी की अच्छी सुविधा है। आप अपने समस्या को मोबाईल के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद हमारे गांव में पहली बार बिजली पहुंची है जिससे हम बहुत खुश हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर आंगनबाड़ी भवन को दो माह में पूर्ण करने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिये। पटेलपारा और सिरहा घर के पास हैण्डपंप खनन 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने तथा दो गली सड़क निर्माण करने के निर्देश दिये।

# साय को मुख्यमंत्री बनाने पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

## आदिवासी कोटे से मुख्यमंत्री बनने पर बस्तर का होगा तेज गति से विकास : नागेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 11 दिसंबर।** रविवार शाम जैसे ही विधायक दल की बैठक समाप्त हुई उसके बाद विष्णु देव साय को विधायक दल का नेता चुने जाने की खबर दंतेवाड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं को लगी तो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। एकत्रीकरण होकर चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को लडडू खिलाकर बधाई दी। जयस्तंभ चौक पर फटाखे फोड़ने के बाद भाजपाई रैली निकालकर बस स्टेंड चौराहे पहुंचे यहां भव्य आतिशबाजी कर एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर जश्न मनाया।

दंतेवाड़ा मण्डल अध्यक्ष जयदयाल नागेश ने श्री साय को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर केंद्रयी नेतृत्व के प्रति आभार जताते कहा कि भाजपा के हम सभी कार्यकर्ताओं को यह जानकर बेहद खुशी हुई कि इस बार आदिवासी कोटे से मुख्यमंत्री चुने गए हैं श्री नागेश ने कहा कि विष्णु देव साय जो जशपुर के कुनकुरी विस क्षेत्र से विधायक चुनकर आए हैं उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया है और अब श्री साय छत्तीसगढ के बतौर चौथे मुख्यमंत्री की शपथ 13 दिसंबर को लेंगे। मण्डल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जयदयाल नागेश ने कहा कि श्री साय बेहद ही सुलझे हुए वरिष्ठ व अनुभवी नेता हैं उन्होने संगठन का काम तो बखूबी निभाया ही है साथ ही मोदीजी के पहले प्रधानमंत्रीत्व कार्यकाल में भी वे केंद्रीय मंत्री रहे हैं। उन्हें सत्ता व संगठन चलाने का अच्छा खासा अनुभव है। उनके मुख्यमंत्री बनने से निःसंदेह बस्तर का तीव्र गति से विकास होगा। विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री चुने जाने पर एवं प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव तथा कवर्धा से विधायक विजय शर्मा को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना तय हुआ है यह और भी प्रसन्नता का विषय है। दोहरी खुशी में दंतेवाड़ा भाजपा मण्डल की ओर से रविवार शाम जयस्तंभ चौक एवं बस स्टेंड चौराहे पर मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा खुशियां मनाते हुए भव्य आतिशबाजी की गई एवं लडडू बांटकर सभी का मुंह मीठा कराया गया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री धीरेद्र प्रताप सिंह, ओजस्वी मंडावी, दुर्गा प्रकाश सिंह चौहान, मुकेश शर्मा, रामू नेताम, रूपन मंडल, कुणाल ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, पिन्टू उइके, लता मरकाम, सुनीता भास्कर, सुमन ठाकुर, पायल गुप्ता, कीर्ति ठाकुर, लक्ष्मी यादव, भुपेंद्र निर्मलकर, राहुल दुबे, राजेश बोरबन, जय भनसाली, हिमांशु परगनिहा, सुरेंद्र भास्कर, राजा शर्मा समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# ठिठुरन बढ़ते ही गर्म कपड़ों का बाजार गुलजार

■ अभी तापमान में होगी और गिरावट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 11 दिसंबर।** प्रदेश में ठंड ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। पिछले दो दिनों से ठंड का प्रकोप अचानक से बढ गया है । ठंड से बचने के लिए लोगों ने पेटियों में रखे गर्म कपड़े को निकालना शुरू कर दिया है। वहीं रजाई, कंबल स्वेटर व शाल खरीदने लोग दुकानों में पहुंच रहे हैं।

मिचोंद तूफान का कहर थमते ही पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ गई है। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की बात करें तो यहां भी पिछले दो दिनों से अचानक से ठंड बढ गई है। सर्द हवा के साथ ठण्ड ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया । आज सुबह काफी तेज ठंड रही। घने कोहरे के साथ ही जमा देने वाली सर्दी से सभी ठिठुरते दिखे। सुबह उठते ही लोग धूप का सहारा लेकर घण्टों अपने को गर्म करने लगे रहे। ठंड के बढ़ते ही गर्म कपड़ों के बाजारों में भी चहल पहल बढ गई। महिनों से माथे पर हाथ धरे बैठे दुकानदार के चेहरे में रौनक आ गई। बाहर प्रदेशों से आए रजाई गददे बनाने वाले कारीगरों ने बताया कि इस वर्ष ठण्ड देर से शुरू होने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। ठण्ड देर से शुरू होने से धन्धे में काफी फर्क पड़ा है। अब ठंड बढी है तब जाकर गर्म कपडों के धन्धे में उठाल आया है और लोगों ने रजाई गददे के आर्डर देना शुरू कर दिया है। दुकानों में शॉल, स्वेटर, उन, स्कार्फ खरीदने लोग पहुंचने लगे हैं। संदूकों में रखा हुआ शॉल स्वेटर भी बाहर निकलना शुरू हो गया है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी एक दो दिनों के अंदर तापमान और गिरेगा जिससे अंचल में ठण्ड बढ़ने की पूरी संभावना है।

# 18 दिसंबर तक रेलवे लाइन दोहरीकरण का काम चलेगा, जेलबाड़ी बाईपास रहेगा बंद



**दंतेवाड़ा 11 दिसंबर।** जिले में किरंदुल विशाखापट्टनम रेलवे लाइन दोहरीकरण का काम चल रहा है, इस काम के चलते सप्ताहभर के लिए चितालंका और जेलबाड़ी बाईपास से मालवाहक वाहनों की आवाजाही की मनाही की गई है। भारी वाहन 20 की स्पीड से शहर के अंदर से होते हुए जाएंगी। जिसके लिए प्रशासन ने कड़े नियमों के साथ आदेश जारी किए हैं। विदित हो कि फरसपाल गेट 104 के पास रेलवे लाइन दोहरीकरण का काम किया जाना है। आज 10 दिसंबर से 18 दिसंबर तक काम चलेगा। इस दरम्यान गीदम से बचेली-सुकमा की ओर जाने वाली भारी मालवाहक गाडियां चितालंका बाईपास चौक से शहर के भीतर प्रवेश कर डंकिनी नदी पर बने छोटे पुल से होते हुए अस्पताल रोड और फिर स्टेट बैंक चौक से आगे बचेली और सुकमा की तरफ जा सकेगी। इसी तरह बचेली और सुकमा की तरफ से आने वाली गाडियां बैंक चौक से कटेकल्याण रोड से जिला अस्पताल की ओर से गायत्री मंदिर चौक और यहां से गीदम की तरफ जा सकती हैं। इसके लिए प्रशासन ने वाहनों की आवाजाही के लिए समय निर्धारित किया है। जिनमें सुबह 08 से 1:30 बजे, 03 से 4:30 बजे और रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक निर्धारित है।

# खौलता तेल डालने के मामले में प्रधान पाठक व शिक्षिका निलंबित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंडागांव 11 दिसंबर।** माकड़ी विकासखंड के केरावाही माध्यमिक स्कूल में शौचालय गंदा रहने पर बच्चों के हाथों पर खौलता तेल डालने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने स्कूल के प्रधान पाठक जोहरी मरकाम, शिक्षक एलबी पूनम ठाकुर व शिक्षक मिताली वर्मा के साथ तीन टीचरों को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल शौचालय गंदा रहने पर माध्यमिक स्कूल की कुछ छात्राओं ने 20 बच्चों के हाथों पर खौलता तेल डाल दिया। इस घटना में पांच छात्राओं डिंपल दास, जामिला, मंजू, दीपिका व भूमिका के हाथों में छाले व फफोले पड़ गए। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए थे। जांच में पाया गया कि घटना के वक्त स्कूल में प्रधान पाठक जोहरी मरकाम, शिक्षक एलबी पूनम ठाकुर व शिक्षक मिताली वर्मा सहित सफाई कर्मी व रसोइया उपस्थित थे। इस मामले में शिक्षकों की लापरवाही पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रिंसिपल और दो टीचरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन के साथ ही प्रिंसिपल और दो टीचरों का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय माकड़ी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता दी गई है। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने अंशकालीन सफाई कर्मचारी डमरूराम यादव को भी कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए गए हैं।

## समाचार संक्षेप

### बैंक का ताला तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार




**जगदलपुर 11 दिसंबर।** जिले के नियानार इंडियन बैंक में 21 नवंबर की रात्रि में चोरी की नियत से बैंक में लगे ताला को तोडने तथा बैंक में लगे सायरन के वायर तथा सीसीटीवी को तोड-फोड कर एक नग सीसीटीवी को चोरी कर अपने साथ ले जाने वाले आरोपी चंदन पटेल पिता धनो पटेल निवासी ग्राम लामनी पनारा पारा एवं उसके एक साथी विधि से संघर्षरत बालक को आज रविवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक के निशानदेही पर बैंक में लगे 01 नग क्षतिग्रस्त सीसीटीवी कैमरा, 1 नग कुल्हाडी (टंगिया), 2 नग एंडरायड मोबाइल एवं घटना दिनांक को पहने कपडे साक्ष्य हेतु जप्त किया गया। मामले के आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक पर थाना परपा में कार्यावाही किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना परपा में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 नवंबर 2023 को अज्ञात चोरों के द्वारा बैंक में चोरी करने की नियत से बैंक में लगे ताला को तोडने का प्रयास किये हैं, तथा बैंक में लगे सायरन के वायर तथा सीसीटीवी को तोड-फोड कर एक नग सीसीटीवी को चोरी कर अपने साथ ले गये हैं। रिपोर्ट पर थाना परपा में अपराध कमांक 286/2023 धारा 379, 380, 457, 511 भादवि कायम कर विवेचना कार्यावाही में लिया गया। अज्ञात फरार आरोपियों के पतासाजी हेतु विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के मदद से प्रकरण के आरोपी चंदन पटेल पिता धनो पटेल निवासी ग्राम लामनी पनारा पारा एवं उसके साथी विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर पृथक पृथक मेमोरण्डम कथन लिया गया जिनके द्वारा मेमोरण्डम कथन में अपराध करना स्वीकार किये।

### 17 दिसम्बर को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए निश्शुल्क बस सुविधा उपलब्ध



**कोंडागांव 11 दिसंबर।** अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए जांजगीर चांपा में खोखराभाठा स्थित पुलिस लाइन में 15 से 23 दिसंबर तक अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में शामिल होने के लिए कोंडागांव जिले के पात्र अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीसीई) का आयोजन इसी वर्ष अप्रैल में किया गया था। इस रैली में 19 व 20 दिसम्बर की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र युवाओं के लिए 17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे जिला प्रशासन की ओर से निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है जो कोंडागांव से जांजगीर के खोखराभाठा स्थित पुलिस लाइन के लिए रवाना होगी। इस निःशुल्क बस सुविधा का लाभ लेने के लिए पात्र अभ्यर्थी को अपना नामांकन कार्यालय जिला रोजगार व स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र व मॉडल कॅरियर सेंटर कोंडागांव लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में 14 दिसम्बर तक करवाना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी केकती बर्मन मो.नं. 9584020279 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बस्तर जिले के तीन एसडीएम के कार्य क्षेत्र बदले गए

**जगदलपुर 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही बस्तर जिले में अधकारियों का ट्रांसफर शुरू हो गया है। बस्तर जिले में कलेक्टर ने 3 अनुविभागीय अधिकारियों के कार्य क्षेत्र बदले गए हैं। जगदलपुर एसडीएम नंद कुमार चौबे को बकावंड, तोकापाल एसडीएम भरत कौशिक को जगदलपुर स्थानांतरित किया गया है, वहीं डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान को तोकापाल एसडीएम की जिम्मेदारी दी गई है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र मुरतोण्डा में वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े जनप्रतिनिधि एवं किसान

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा, 11 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत जनता से सीधे संवाद कर उनसे केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में प्रतिक्रिया ली। इस दौरान कलेक्टर श्री हरिस.एस, सीईओ जिला पंचायत श्री डीएन कश्यप और जनप्रतिनिधिगण कृषि विज्ञान केन्द्र मुरतोंण्डा, सुकमा से विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में हजारों लोग सहभागी बन रहे हैं और व्यापक पैमाने पर मोदी सरकार की गारंटी की गाड़ी पहुंच चुकी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के माध्यम से जनसामान्य को लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के शत-प्रतिशत पहुंच के लिए वाहन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक शासन के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सरकार गरीब एवं वंचित लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विशेषकर गरीब एवं जरूरतमंद, युवा, महिला एवं किसान को सशक्त करना है और उनके सपनों को पूरा करना है।

कलेक्टर श्री हरिस. एस ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वाहन के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड,आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे और अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें रक्त जांच, ब्लड प्रेशर जांच, टीबी जांच एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र मुरतोंण्डा के विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत कृषि, मत्स्य पालन करने सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही हेल्थ विभाग की स्टाल में चिकित्सकों की टीम टीबी, ब्लड प्रेशर, एनीमिया की जांच की गई।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर श्री अजय मोडियम, संबंधित विभाग के अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र मुरतोंण्डा के अधिकारी एवम कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## एक नजर

### विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

**तिल्दा-नेवरा, 11 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विष्णु देव साय होंगे छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे। बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया है. विष्णुदेव राय छत्तीसगढ़ की कुनकुरी इलाके के कांसाबेल से लगे बगिया गांव के रहने वाले मूलत: किसान हैं। राज्य में आदिवासी समुराय की आबादी सबसे अधिक है और वे इसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी गिनती रमन सिंह के करीबी लोगों में होती है। मुख्य मंत्री बनने पर वरिष्ठ नेता पंडित मालूराम शर्मा अनिल अग्रवाल राम पंजवानी नरेंद्र शर्मा भगबली साहू ईश्वर यादव सौरभ जैन मनोज निषाद सहित तिल्दा नेवरा के बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### नगर पालिका कटघोरा की पार्षद शैलबाई ने भाजपा में वापसी की

**कोरबा, 11 दिसम्बर।** नगर पालिका कटघोरा स्थित वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद शैल बाई आर्मो एवं उनके पति कमलेश आर्मो ने भाजपा में वापसी कर ली। याद रहे कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले इन दोनों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी, जो अपनी पार्टी जिससे वे चुनाव जीते थे में वापसी कर ली। दोनों ने पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कोरबा राजकुमार अग्रवाल के समक्ष भाजपा में पुन: घर वापसी किये। उनका कहना था कि जब से वे कांग्रेस में गये है उनको घुटन सा महसूस हो रहा था। अपनी मातृ पार्टी में पुन: प्रवेश कर बहुत अच्छा अहसास हो रहा है। उनके साथ उनके पति कमलेश आर्मो शहर कांग्रेस महामंत्री कटघोरा ने भी भाजपा में प्रवेश किया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे मंडल महामंत्री अभिषेक गर्ग, राजेन्द्र टंडन, सुनील खांडे, जय गर्ग, अक्षय गर्ग, अर्चना अग्रवाल, समंजित सिंग कटघोरा भाजपा के आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोमड़ी के काटने से घायल वृद्ध की मौत

**कोरबा, 11 दिसम्बर।** बाड़ी में कुआं के पास काम करते समय लोमड़ी ने वृद्ध पर हमला कर दिया। वृद्ध ने को सामान्य घटना समझ अनदेखी करना महंगा पड़ा गया और उसके शरीर में रैबीज फैल गया। लोमड़ी की तरह ही वह हरकत करने लगा। स्वजनों ने किसी तरह उसे लेकर इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। घटना कटघोरा वनमंडल के ग्राम महुआपानी की है। यहां घांसीराम 60 वर्ष परिवार सहित निवास करता था, वह खेती किसानी का काम करता था। लगभग एक माह पहले घासीराम घर की बाड़ी में काम कर रहा था। इसी दौरान पास ही स्थित जंगल से भटककर एक लोमड़ी बाड़ी के भीतर जा घुसा। वृद्ध लोमड़ी को खदेड़ने का प्रयास कर रहा था तभी लोमड़ी ने वृद्ध पर हमला कर दिया। उसके हमले से वृद्ध घायल हो गया। इलाज कराने के बजाए उसने अनदेखी कर दिया। एक माह बाद वृद्ध लोमड़ी की तरह हरकत करने लगा। वृद्ध, पानी और आग को देख डर रहा था, उसके मुंह से लगातार लार निकलने लगा। उसके शरीर में रैबिज के कई लक्षण दिखाई देने लगे। माजरा समझ आने के बाद स्वजनों ने वृद्ध को इलाज के लिए कटघोरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया, जहां से प्राथमिक उपचार पश्चात मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस ने मेमों मिलने पर पूरी एहतियात बरतते हुए वैधानिक कार्रवाई पूरी की।

### आदिवासी विधायकों की टिकट काटने व हराने का रचा गया षडयंत्र: केरकेट्टा

**कोरबा, 11 दिसम्बर।** प्रदेश में मिली हार के बाद कांग्रेस में बयानबाजी का दौर शुरू हो चुका है। कांग्रेस में जारी बयानबाजी के बीच अब एक और पूर्व विधायक ने पार्टी नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बाद अब पाली- तानाखार से पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने वरिष्ठ नेताओं पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आदिवासी विधायकों को हराने का षडयंत्र किया गया है। पार्टी के अंदर के कुछ नेताओं ने मिलकर यह षड्यंत्र रचा है।

# शहादत दिवस पर वीरभूमि सोनाखान में वीर नारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

- शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों को किया सम्मानित
- रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय मेले का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**बलौदाबाजार 11 दिसंम्बर।** वीरभूमि सोनाखान में रविवार 10 दिसम्बर को शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा शहीद स्मारक स्थित पुष्पांजलि मठ में पुष्प अर्पित कर तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी गई। शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य मंच पर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यर्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पाश्चत शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र सिंह दीवान, कुंजल सिंह दीवान, सुभान सिंह दीवान, नरेन्द्र सिंह दीवान, राम सिंह दीवान, गजानंद सिंह दीवान, जीरा बाई एवं बाल कुंवर को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।शहादत दिवस के अवसर पर सोनाखान में 8 से 10 दिसम्बर तक आयोजित मेले का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिलाईगढ़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक कविता प्राण लहरे ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह ने स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गरीबों के लिए किये गए काम से उन्हें गरीबो का मसीहा कहा जाता है। उन्होंने कहा कि समाज मे वैमनस्यता बढ़ने से एक दूसरे से दूरी बढ़ रही है जो ठीक नही है। समाज एकजुट होता है तभी आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सोनाखान की पवित्र भूमि को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की आवश्यकता है।

बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह आम जनता की सेवा में समर्पित थे। उन्हें 10 दिसंम्बर 1857 को अंग्रेजों के द्वारा रायपुर में फांसी दे दी गई । शहीद वीर नारायण सिंह अमर हैं। उन्होंने कहा कि सोनाखान क्षेत्र का तेजी से विकास के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र में कृषि, सिंचाई एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम होगा। कांकेर विधानसभा के पूर्व विधायक शिशुपाल सिंह सोरी ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों में वीर नारायण सिंह का नाम आदिवासी समाज मे श्रद्धा से लिया जाता है। इसीप्रकार देश के कोने- कोने में आदिवासी वीर हुए है जिन्होंने आक्रांताओं से लोहा लिया है। उन्होंने कहा कि शौर्य व गौरव की गाथा जो इन शीहीदों ने लिखा वह अमिट है लेकिन आज आदिवासी समाज की दशा को देखने पर दुःख होता है। पूर्वजो ने जो सम्मान अर्जित किया है उसे कायम रखना होगा। आज पुनः जागृत होकर वीर नारायण सिंह बनने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह के प्रपौत्र राजेन्द्र सिंह दीवान ने शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष कसडोल यशवर्धन वर्मा जनपद अध्यक्ष कसडोल ऋषि नायक, सरपंच सोनाखान फलित विनय साहू, अपर कलेक्टर वीसी एक्का, एसडीएम गिरौदपुरी अंशुल वर्मा, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बीपीएस नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### तिल्दा-नेवरा में पंचकल्याणक का द्वितीय दिवस

# दुनिया चार दिनों का मेला: प्रसाद सागर

✍ नरेन्द्र शर्मा

**तिल्दा-नेवरा, 11 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर के समीप स्थित धर्म नगरी तिल्दा नेवरा में परम पूज्य सन्त शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागरजी महामुनिराज जी के ससंघ सानिध्य में श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक के द्वितीय दिवस प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय भैया जी बंडा के प्रतिष्ठाचार्यत्व में भक्ति भाव के साथ महामहोत्सव स्थल पर विधान ओर गर्भ भगवान के कल्याणक पूर्व की धार्मिक क्रियाओं को बताया गया वहीं दोपहर में आचार्यश्री के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनिश्री प्रशाद सागर जी ने अपने अनमोल वचनों में कहा कि दुनिया चार दिनों का मेला है।

महामहोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सर्वप्रथम प्रातः काल भगवान का अभिषेक पूजन तत्पश्चात आचार्यश्री की पूजन हुई इसके बाद आचार्यश्री व पूज्य मुनि आहार चर्या को निकले रविवार को चौधरी राकेश जैन के परिवार के चौके में आचार्यश्री की आहार चर्या हुई दोपहर 12 बजे से पंचकल्याणक के लिए स्थापित की गई अयोध्या नगरी में प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय भैया जी न गर्भ कल्याणक पूर्व की क्रियाओं को समझाते हुए विधान संपन्न कराया भक्ति भाव व मधुर संगीत के साथ जब विधान हुआ तो भगवान के मातपिता सौधर्म इंद्र व अन्य इंद्र इंद्राणी नृत्य करते हुए विधान में भगवान की भक्ति और गर्भ कल्याणक पूर्व की खुशियां मनाए कुबेर इंद्र ने रत्नों की वर्षा की।



**दुनिया चार दिनों का मेला:** दोपहर में पूज्य मुनिश्री प्रशाद सागर जी ने अपने अनमोल वचन में कहा कि रेल में यात्री मिलते है और अपनी अपनी स्टेशन आने पर उतर जाते है उसी प्रकार भोग भूमी में जीव आकर मिलते है दुनिया चार दिनों का मेला है जैसे मेले में आकर यात्री मिलते है और फिर अपने अपने स्थानों पर चले जाते है, निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी महाराज ने कहा कि आत्मा कभी मरती नहीं है जिसको आध्यात्म से लगाव होता है वह जीव कभी मोह को धारण नहीं करता मुनि श्री ने कहा कि साधना ऐसी करो कि शरीर न टूटे और शरीर से मोह भी न करें। मुनि श्री ने कहा कि आज गर्भ कल्याणक के दिन 56 कुमारी एवं अष्ठ देवियाँ आकर मां मरूदेवी की सेवा करती है।

पंचकल्याणक महामहोत्सव के प्रथम दिन गर्भ कल्याणक पूर्व रुप दिखाया गया। आयोध्या नगरी वनाई गयी है। पाषाण से भगवान वनने की यात्रा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के स संघ सानिध्य में प्रारंभ हुई।

संध्याकालीन महाआरती का शौभाग्य प्रकाश मोदी सुमनलता मोदी भाटापारा को प्राप्त हुआ रथ पर सवार होकर उन्होंने सपरिवार पँचकल्याक स्थल पर भगवान की आरती का पुण्य प्राप्त किया।

# विज्ञान मेला में 20 विद्यालय के बच्चों ने तैयार किए 35 आकर्षक मॉडल

**कोरबा, 11 दिसम्बर।** बालको में स्वामी आत्मानंद स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया हैं। जिसमें विभिन्न प्रकारों के माडल छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शित किया। माडल के साथ बच्चों में विज्ञान के प्रति ज्ञान और नए विचारों को भी देखने को मिला। स्वामी आत्मानंद स्कूल बालको में निर्णायक डा फरहान अली ने कहा कि आज बालको में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इसमें बालको और आस-पास से लगभग 20 विद्यालयों ने भाग लिया और लगभग 35 माडल आज यहां प्रदर्शित हो रहे हैं।

यह विज्ञान के विभिन्न दिशाओं जैसे स्वस्थ, कृषि सुरक्षा, पर्यावरण इन विषयों पर आधारित रहा। कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया हैं। उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि विज्ञानिक जागरूकता को बढ़ाना और दूसरा ये कि बच्चों के ऊपर बहुत प्रतिभा होती हैं। नए नए विचार होती हैं तो इस तरह के प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के जहेर में जो नए-नए विचार हैं। उनको मॉडल के रूप में प्रदर्शित करना और साथ ही बच्चों में चेतना जागृत करना हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूल बालको के शिक्षक घनश्याम श्रीवास ने कहा कि बालको स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में लगभग 20 विघालय के विद्यार्थी पार्टिसिपेट किए हैं। इसमें मिडिल स्कूल से लगभग 25 माडल प्रदर्शनी में शामिल हुए हैं। जिसमें चरित और विनाचारित दोनों स्तर के माडल हैं। साथ ही साथ हाई और हायर स्कूल के बच्चें के लगभग 15 माडल इसमें शामिल किए गए हैं। विज्ञान प्रदर्शनी मेला का हमारा जो उद्देश्य हैं, कि विकास के लिए और विज्ञान के तकनीकों का प्रचार- प्रसार हम किस प्रकार से कर सकते हैं। युवाओं के मन में नए-नए विचार, नए-नए अविष्कार की चेतनाएं प्रणीत होती रहती हैं। इन विचारों को हम एक नई दिशा में प्रफुल्लित करने के लिए और नए भारत के संस्कार को देने के लिए यह विज्ञान प्रदर्शनी मेला आयोजित की गई है।

## समाचार संक्षेप

### पति की मौत के सदमे में पत्नी ने तोड़ा दम, एक साथ निकली अर्थी

**कोरबा, 11 दिसम्बर।** प्रगति नगर दीपका में निवासरत एक वद्ध दंपति विवाह के बाद 72 साल एक साथ रहे और अंतिम समय में दोनों ने एक साथ इस दुनिया को अलविदा कह दिया। पति की मृत्यु के बाद अर्थी अभी सजी ही नहीं थी कि पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। दोनों की एक साथ अंतिम यात्रा निकाली गई और मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इसे देख लोगों की आंखे नम हो गई। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की दीपका परियोजना में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत बेटे संतोष कुमार सिन्हा प्रगतिनगर दीपका में निवासरत हैं। उनके पिता वशिष्ठ नारायण सिन्हा 95 वर्ष व मां रमावती देवी 84 वर्ष भी उनके साथ रहते थे। बताया जा रहा हैं कि मूलत: बिहार निवासी वशिष्ठ नारायण की शादी को 72 साल हो चुके थे। लंबे समय से बीमार चल रहे वशिष्ठ नारायण का इलाज चल रहा था। बुधवार दोपहर तीन बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। स्वजनों ने शव को गेवरा स्थित विभागीय अस्पताल की मर्च्युरी में रख दिया था, ताकि बिहार से अन्य स्वजनों के आने के बाद अंतिम संस्कार किया जाए। सभी स्वजन दूसरे दिन गुरुवार को दीपका पहुंचे, इसके साथ ही अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई। इसी बीच वशिष्ठ नारायण की पत्नी रमावती देवी भी पति की मौत पर बार- बार रोते-रोते बेहोश हो रही थी और अंतत: 72 सालों के जीवन सफर में जीवन साथी से बिछड़ने का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं और उसने भी दम तोड दिया।

शादी के मंडप पर जन्म-जन्म का साथ निभाने की कसम खाने वाली इस जोड़ी को दीपका कोयलांचल क्षेत्र में निवासरत स्वजन, परिचित लोगों ने आखिरी विदाई दी गई। दोनों की शवयात्रा भी एक साथ निकाली गई और स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार एक साथ एक ही चिता पर किया गया। वशिष्ठ के पुत्र व सीनियर मैनेजर संतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि उनके माता-पिता का विवाह सन 1951 में हुआ था। मां-पिताजी का समाज और परिवार में बहुत सम्मान और आदर था। लोग उनसे सलाह मशविरे के लिए सदैव घर आते थे। 72 सालों में दोनों के बीच कभी लड़ाई झगड़ा या मनमुटाव नहीं देखा। इस तरह माता- पिता एक साथ उनका साथ छोड़ जाएंगे। इसकी उम्मीद नहीं थी।

### कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष रतन पर अविश्वास प्रस्ताव का खतरा

**कोरबा, 11 दिसम्बर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद नगरीय निकाय में भी सरकार बदलने की कवायद तेज हो गई है। विपक्ष में बैठे भाजपा पार्षद लामबंद होते ही महापौर व अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिए हैं। अब कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कलेक्टर ने विशेष सामान्य सभा की तिथि निर्धारित कर दी है। इसके साथ ही विपक्ष के भाजपा पार्षद ने प्रस्ताव पारित करने लामबंद होने लगे है। रायपुर नगर निगम के महापौर के विरुद्ध विपक्षी भाजपा पार्षदों ने मोर्चा क्या खोला, पूरे राज्य के नगरीय निकाय में अभियान शुरू हो गया है। जिले में नगर निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद दीपका के बाद अब नगर पालिका परिषद कटघोरा में भी भाजपा पार्षदों ने विरोध में खड़े हो गए हैं। इन पार्षदों ने पहले ही कलेक्टर को पत्र लिख कर अध्यक्ष रतन मित्तल के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग रखी थी। इस पर कलेक्टर ने पत्र जारी कर 22 दिसंबर को पूर्व पर सामान्य सभा आयोजित करने का आदेश देते हुए कहा है कि अधिनियम की धारा 43 क के अधीन रतन मित्तल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कटघोरा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के लिए 22 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 बजे नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में बैठक की जाएगी। पत्र जारी होते ही कांग्रेस व भाजपा के पार्षद लामबंद हो गए हैं और जरूरत के आंकड़े जुटाने लग गए हैं।

### ठगी की रकम वापसी के प्रयास में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस को मिली सफलता

# ठगी में प्रयुक्त चार बैंक खातों को कराया होल्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 दिसम्बर।** प्रार्थीया कंचन बंछोर असिस्टेंट आफिसर निवासी अल्ट्राटेक सिमेंट फैक्ट्री हिरमी थाना सुहेला द्वारा 5 दिसम्बर को थाना सुहेला में स्वयं उपस्थित होकर जानकारी दिया गया कि मो.नं. 9151293453 से एसबीआई क्रेडिट कार्ड ब्लाक करने के संबंध में फोन आया था, आरोपी द्वारा पीड़िता को एनीडेस्कएप डाउनलोड करने को कहा गया, उसके बाद गुगल में एसबीआईकार्डडॉटकॉम लागिन कराके कार्ड ब्लाक करने के लिए प्रोसेस कराया गया, पेटीएम से रकम 98907 रू. डमी-एकाउंट में ट्रांसफर कराया, जो असफल होने से फोन पे के द्वारा 49907, 49907 रू. ट्रांसफर कराया, प्रार्थीया के क्रेडिट कार्ड से रकम 33132 रू. भी ट्रांसफर कर लिया। इस प्रकार कुल 132946 रू का अज्ञात ब्यक्ति के द्वारा ठगी कर लिया गया।



जिस पर थाना सुहेला द्वारा तत्काल सायबर सेल बलौदाबाजार एवं वरिष्ठ कार्यालय को सूचना दिया गया व उनकी मदद से सायबर पुलिस पोर्टल में ठगी की जानकारी को विधिवत अपडेट किया गया तथा समय पर Acknowledgement No. 33312230017068,33312230017036 प्राप्त किया गया। जिस पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुए 04 बैंकों का खाता नंबर फ्रीज कराया गया। कुल 99814 रू0 को त्वरित कार्यवाही परिणाम स्वरूप होल्ड कराया जा सका।

आरोपी द्वारा पीड़िता से प्राप्त फ्राड रकम को 20 अलग अलग बैंक खाता के माध्यम से प्राप्त कर लिया गया था, जिस पर सायबर सेल बलौदाबाजार एवं सुहेला पुलिस के विशेष निवेदन पर न्यायालय द्वारा 24 घंटे के पूर्व ही होल्ड की गयी रकम को पीड़िता के खाते में वापस करने के संबंध में लिखित आदेश को जारी कराया गया, उक्त आदेश की प्रति को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार दीपक झा के द्वारा पीड़िता को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज विधिवत प्रदान किया गया। आदेश प्रदान करते समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक परिवेश तिवारी, नकुल ठाकुर थाना प्रभारी सोहेला तथा सर्विलांस टीम के सक्रिय प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक नारायण देवांगन उपस्थित थें।

पीड़िता द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का आभार ब्यक्त किया गया, उनके पूछने पर पीड़िता द्वारा बताया कि उसने सोचा नहीं था कि ठगी की रकम इतने शीघ्र मुझे वापस मिल सकती है। इसके लिए संपूर्ण बलौदाबाजार पुलिस को अल्ट्राटेक सिमेंट प्लांट परिवार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमृतांश चमडिया पिता कैलाश प्रसाद चमडिया, डायरेक्टर चमडिया इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. निवासी भूतल रोड क्रमांक 52 बेस्ट पंजाबी बाग, न्यू दिल्ली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि चमडिया इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. के नाम पर एवं उसके स्वामित्व में कृषि भूमि खसरा नंबर 395/1, 396, 397/1, 402 रकबा क्रमशः 0.5500, 0.1600, 0.2000, 1.6300 हे. कुल खसरा नंबर 4 कुल रकबा 2.5400हे. ग्राम चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आऊट की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 22/12/2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 07/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती रूचि शर्मा पति अजय कुमार शर्मा निवासी सासाहोली वार्ड क्र.03 तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) कास्तकार ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदका के नाम पर एवं उसके स्वामित्व में कृषि भूमि खसरा नंबर 1030/114 रकबा 0.0113 हे. ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) में स्थित है। आवेदिका आवेदित भूमि खसरा नंबर 1030/114 रकबा 0.0113 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा नक्शा, ऋण पुस्तिका, ले-आऊट की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 22/12/2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम केसदा प.ह.नं. 19

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक जामुनलाल पिता बहादुर, निवासी ग्राम केसदा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर एवं उसके स्वामित्व में कृषि भूमि खसरा नंबर 667, 668, 2020 रकबा क्रमशः 0.2400, 0.3300, 0.0400 हे. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.6100हे. ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) में स्थित हैं। आवेदक उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति एवं पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत की है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 22/12/2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202311092200014**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- संजय चौरसिया,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय चौरसिया आ. शिवलाल चौरसिया जाति बरई निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री तनहा चौरसिया आ. संजय चौरसिया की मृत्यु दिनांक 17.10.2021 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 27.12.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/11/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोगरगढ़

# मंत्रिमण्डल में ओबीसी वर्ग को मिलेगी प्राथमिकता

■ भौगोलिक एवं सामाजिक आधार पर होगा मंत्रियों का चयन

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 दिसम्बर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के पश्चात अब मंत्रिमण्डल में नए चेहरों को लिए जाने की चर्चा है। भाजपा के रणनीतिकार रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर तथा बस्तर संभाग से राजनीतिक एवं सामाजिक समीकरण के साथ ही ओबीसी वर्ग को प्राथमिकता देने की रणनीति बना रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सरगुजा तथा बस्तर संभाग से भाजपा को काफी बढ़त मिली है। इसलिए यहां से आदिवासी नेता रामविचार नेताम एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को मंत्रिपरिषद में लिए जाने के लिए दबाव बढ़ता जा रहा है। अनुसूचित जाति कोटे से पुन्नू लाल मोहले तथा दयालदास बघेल प्रमुख दावेदार हैं। बस्तर संभाग से केदार कश्यप, लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी को भी मंत्रिमण्डल शामिल किए जाने के लिए दबाव बनाया जा रह है। बिलासपुर से अमर अग्रवाल अथवा धरमलाल कौशिक को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए उच्च स्तरीय राजनीति चल रही है। रायपुर संभाग से सवर्ण दावेदार के रूप में बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत के नाम हैं। बदलते राजनीतिक समीकरण में राजेश मूणत डॉ. रमन सिंह के सबसे निकटस्थ हैं इसलिए उनकी दावेदारी भी काफी प्रबल है। कुरूद से अजय चंद्राकर ने शानदार जीत दर्ज की है। ओबीसी वर्ग के दावेदार होने के कारण वे भी इस दौड़ में शामिल हैं।

प्रदेश में कुल 33 जिले हैं तथा 90 विधानसभा सीट हैं। इनमें से 54 में भाजपा की जीत दर्ज हुई है। चांपा-जांजगीर, सक्ती तथा रायगढ़ जिले में भाजपा के एक मात्र प्रत्याशी ओपी चौधरी विजयी हुए हैं। आईएएस संवर्ग के अधिकारी ओपी चौधरी को बड़ा आदमी बनाने की घोषणा केंद्रीय गृहमंत्री ने की थी। देखना है कि उन्हें कौन सा महत्वपूर्ण पद मिलता है। दुर्ग जिले में भाजपा प्रत्याशियों ने बड़ी जीत हासिल की है। यहां से कई कैबिनेट मंत्री हार चुके हैं। बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र से ईश्वर साहू ने शानदार जीत हासिल की है। उन्हें कौन सा पद दिया जाएगा यह तो वक्त बताएगा। कवर्धा से विजय वर्मा को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाना तय है। राजनांदगांव से जीते पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को भी विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है।

## शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया विधायकों ने

नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 13 दिसम्बर को रायपुर के साइंस कालेज मैदान में शपथ लेंगे। आज शासकीय अधिकारियों के अलावा भाजपा विधायकों ने भी स्थल का मुआयना किया। यहां पर प्रशासनिक अधिकारी के अलावा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी आने की संभावना है। इसे देखते हुए यहां पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम शीघ्र जारी होगा।

## साइंस कालेज मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी



**रायपुर 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा ने मुख्यमंत्री पद के लिए कनकुरी विधानसभा सीट से विधायक विष्णुदेव साय के नाम का ऐलान किया है. विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री होंगे और उनका शपथ ग्रहण समारोह 13 दिसंबर को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा. कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है. देर रात विधायक समेत कई नेता मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे. छत्तीसगढ़ के नए सीएम विष्णुदेव साय 13 दिसंबर को शपथ लेंगे. मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री भी शपथ लेंगे. साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है. वहीं देर रात शपथ ग्रहण की तैयारी का जायजा लेने विधायक विजय शर्मा, विधायक ओपी चौधरी, विधायक सुशांत शुक्ला, भूपेंद्र सवन्नी, अनुराग अग्रवाल सहित कई नेता साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे थे।

## एक नजर

### युवक से मोबाइल व नकदी की लूट

**रायपुर, 11 दिसंबर।** टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास बाइक सवार दो युवक ने पैदल जा रहे युवक से मोबाइल व नकदी रकम लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजकिरण मोतीवार 28 वर्ष शांति नगर टाटीबंध का रहने वाला है। प्रार्थी पैदल अयप्पा मंदिर जा रहा था। तभी बाइक सवार दो युवक पीछे से आए और प्रार्थी को धक्का देकर गिरा दिए और उसके जेब से मोबाइल व नकदी 200 रुपए लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर, 11 दिसंबर ।** जेल रोड सांई नगर भाठापारा में धक्का लगने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर गंज पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से सांई नगर भाठापारा निवासी प्रार्थी भावेश यादव 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कार्यक्रम में धक्का लगने की बात पर आरोपी त्रिलोक कहर एवं अन्य ने प्रार्थी से विवाद कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी त्रिलोक कहार 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भावेश यादव व अरविंद यादव ने गौरा गौरी गाना लगाने की बात को लेकर आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर गंज पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश पर युवक को पीटा

**रायपुर, 11 दिसंबर।** शीतल इंटरनेशनल जुक बार में पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनसार प्रार्थी अभिजीत सोनकर 24 वर्ष वालफोर्ट सिटी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अरबाज अली, विनय एवं अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तह तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जेड प्लस सुरक्षा में रहेंगे पूर्व सीएम भूपेश बघेल

**रायपुर, 11 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्तमान में पाटन से विधायक हैं। पूर्व सीएम के लिए राजधानी रायपुर में बंगला तैयार है। इसके अलावा उन्हें कड़ी सुरक्षा भी मुहैया कराई गई है। विधानसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए फिर से एकजुट होने मेहनत करने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली में समीक्षा बैठक खत्म होने के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में आने वाले दिनों में बड़े फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। सुरक्षा के लिए छह जवान, दो ओएसडी भी शामिल रहेंगे वे मुख्यमंत्री आवास से जयसिंह अग्रवाल के बंगले में शिफ्टिंग कर सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जेड प्लस सेक्योरिटी में रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री को नए बंगले के साथ-साथ दो ओएसडी, दो निजी सचिव और सुरक्षा के लिए छह जवान मिलेंगे। साथ ही वे मुख्यमंत्री आवास से जयसिंह अग्रवाल के बंगले में शिफ्टिंग कर सकते हैं।

### दो किलो सोने के साथ एयरपोर्ट से यात्री गिरफ्तार

**रायपुर 11 दिसंबर।** माना स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल से एक यात्री से दो किलो सोना बरामद किया गया है। सीआईएसएफ के जवानों ने यात्री को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल में लखनऊ से इंडिगो के नियमित विमान से रायपुर पहुंचे यात्री के बैग से दो सोना मिला है। सीआईएसएफ के जवानों ने यात्री को गिरफ्तार कर लिया है और इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी। जानकारी मिलते ही आयकर विभाग की टीम एयरपोर्ट पहुंच चुकी है और उससे इस संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# मंडियों में बिक रहा धान

## नमी का प्रतिशत नहीं बढ़ाने से किसान परेशान

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 दिसम्बर।** बेमौसम वर्षा नमी ज्यादा होने से किसान मंडियों में धान बेचने के लिए मजबूर हैं। किसान नेताओं ने धान में नमी का प्रतिशत बढ़ाने की मांग की है।

राज्य शासन ने धान खरीदी के लिए मार्कफेड को अधिकृत किया है। पिछले दिनों हुई वर्षा के कारण धान भीग गया है। सरकार द्वारा धान में 17 प्रतिशत की नमी अधिकृत रूप से निर्धारित की गई है। किसानों का कहना है कि नमी नापने वाला यंत्र अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग नमी बताता है इसलिए सर्वाधिक परेशानी हो रही है। उन्होंने नमी का प्रतिशत 17 से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की मांग की है। नई सरकार गठित होने के बाद यहां पर अभी तक नमी का प्रतिशत तय नहीं हो पाया है इसलिए अब यहां पर किसान मंडियों में धान बेच रहे हैं। किसानों के अनुसार यहां 5 प्रतिशत टैक्स देना होता है। वर्तमान में कुरूद, भाटापारा, राजनांदगांव, दुर्ग, चांपा-जांजगीर, रायगढ़ में धान की आवक बढ़ गई है। धान 2000 रुपए प्रति



क्विंटल की दर से बिक रहा है। जिन किसानों का नाम ऋण पुस्तिका में दर्ज है उनको समर्थन मूल्य के अलावा बोनस भी मिलता है।

विभिन्न राजनीतिक दलों ने बोनस बढ़ाने की मांग की है। अब किसान नई सरकार का इंतजार कर रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के साथ ही बोनस मिलने की भी उम्मीद है। मुख्यमंत्री इसकी घोषणा कर चुके हैं। वित्त विभाग ने भाजपा द्वारा घोषित की गई स्कीम की एक्सरसाइज करना शुरू कर दिया है। इससे करीब 70 हजार करोड़ का वित्तीय भार राज्य पर अतिरिक्त आने की संभावना है।

### मीडिया कालोनी से नकबजनी के आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 11 दिसंबर।** राजधानी के कबीरनगर थाना क्षेत्र के सोनडोंगरी स्थित मीडिया कालोनी आवासीय परिसर में दबिश देकर पुलिस की टीम ने चोरी के मामले में नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के करीब ढाई लाख के जेवर बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी सोनडोंगरी में रहने वाला पीड़ित चेतन कुमार ने थाना कबीर नगर में शिकायत किया था कि वह 9 दिसंबर को अपने घर में ताला बंद कर सपरिवार विवाह कार्यक्रम में गया था। तभी उसके पड़ोसी ने उसे फोन कर सूचना दिया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जिस पर चेतन घर आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा हुआ था तथा बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात नहीं थे। मामले में पुलिस को संदेही रितेश कुमार साहू निवासी मीडिया कालोनी आवासीय परिसर ब्लॉक नंबर 18 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

# मुख्यमंत्री सचिवालय में होगा फेरबदल

## राहुल भगत को ओएसडी बनाने की तैयारी

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री बनने के बाद अब विष्णुदेव साय अपने पसंदीदा अधिकारियों को सचिवालय में लाने की तैयारी कर रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री रहते हुए उनके विशेष सहायक राहुल भगत को ओएसडी बनाने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा कई प्रमुख सचिवों व सचिवों के कार्यभार भी बदले जाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद अब संभाग आयुक्त से लेकर कलेक्टरों को बदले जाने के संकेत हैं। मुख्यमंत्री अपने पसंदीदा अधिकारी को जशपुर जिले का कलेक्टर बनाना चाहते हैं। इसके लिए उनके पास कई अधिकारियों का प्रस्ताव आया है। कई नए विधायकों ने भी कलेक्टरों के अलावा सीईओ को बदलने के लिए अपना सुझाव दिया है। राज्य में सत्ता का केंद्र बिन्दु मुख्यमंत्री सचिवालय होता है। विष्णुदेव साय के साथ लंबे अरसे से रहे आईपीएस अधिकारी राहुल भगत को ओएसडी बनाए जाने की चर्चा है। वे आईपीएस अधिकारी हैं। अंबिकापुर संभाग के आयुक्त शिखा तिवारी भी रडार में हैं। बीजापुर, रायपुर, बिलासपुर एवं कोरबा कलेक्टर के विरुद्ध भी अनेक गंभीर शिकायतें हैं।

### मुख्य अभियंता भी बदले जाएंगे

बताया जाता है कि जिन-जिन विधायकों के नाम मंत्री पद के लिए चर्चा में हैं उनके घर अधिकारी गुलदस्ता लेकर पहुंच रहे हैं। पीएचई के प्रमुख अभियंता सहित लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता अपने-अपने नए बॉस का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस विभाग में अशोक जुनेजा के कार्यकाल में वृद्धि की गई है। यहां राजेश मिश्रा को नया डीजीपी बनाए जाने की मुहिम चल रही है। राजस्व विभाग में सर्वाधिक प्रकरण लंबित है इसलिए राजस्व विभाग को सबसे ज्यादा सख्त करने की जरूरत है। राजधानी के सारे भूमाफिया काफी दबाव बनाए हुए हैं। रायपुर कलेक्टर को शासन का राजकुमार कहा जाता है। महत्वाकांक्षी महिला कार्यकर्ता, महिला आयोग तथा पिछड़े वर्ग के नेता ओबीसी आयोग में बैठने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं।

# प्रदेश में चक्रवात के बाद मौसम साफ, अभी ठंड और बढ़ेगी

**रायपुर, 11 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में मौसम ने करवट बदल ली है। भारी बारिश से कड़ाके की ठंड ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। प्रदेश में घने कोहरे छाए हुए हैं। चक्रवाती तूफान के बाद मौसम साफ हो गया है, लेकिन किसी-किसी इलाकों में तो अब भी हल्की वर्षा हो रही है, जिसकी वजह से और ठंड बढ़ने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। प्रदेश में शुष्क हवाओं से आने वाले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री वृद्धि होगी। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। वहीं बीते दिनों प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दंतेवाड़ा में रहा यहां 28.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान पेंड्रा रोड में 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राजधानी रायपुर में आज सुबह से ही बदल साफ है। वहीं हल्की धूप भी है। यहां अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसके साथ ही प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वर्तमान में प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

### प्रदेश को मिला सौम्य व प्रतिभावान मुख्यमंत्री : बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर, 11 दिसंबर।** भाजपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णुदेव साय को नया मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी जताई हुए उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बृजमोहन अग्रवाल



समेत पार्टी के सभी विधायकों ने सर्वसहमति से मुख्यमंत्री के लिए श्री विष्णु देव साय का समर्थन किया। जिसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुना गया। बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जे पी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय नेतृत्व को छत्तिसगढ़ में जनजातीय समाज से मुख्यमंत्री बनाने पर बधाई और धन्यवाद दिया। पहले महामहिम द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने आदिवासी समाज को जो सम्मान दिया है उसके लिए बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णु देव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ को एक बार फिर से विकास के रास्ते पर आगे ले जाने और मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात कही।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर अब जीपीएस कैमरे की नजर

**रायपुर, 11 दिसंबर ।** राजधानी के बदहाल ट्रैफिक को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस एक नया प्रयोग करने जा रही है। इसके तहत अब लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ मैन्युअली कार्रवाई के दौरान जीपीएस कैमरे से फोटो खींचेगी। इसकी वजह वाहन चालकों की बाहनेबाजी पर अंकुश लगाना है। गौरतलब है कि लापरवाह वाहन चालकों पर अंकुश लगाने आईटीएमएस के तहत लगाए गए कैमरों की मदद से कार्रवाई की जाती रही है। जहां आईटीएमएस कैमरे नहीं लगे हैं, वहां ट्रैफिक पुलिस मैन्युअली कार्रवाई करती है। उसके बाद चालान घर पहुंचने के बाद वाहन चालक कई तरह के बहाने करते हैं। इस वजह से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने जीपीएस कैमरे से फोटो खींचने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों को उठाने के समय तथा ऐसी जगह पर यातायात उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, जहां आईटीएमएस के कैमरे नहीं लगे होते। उन जगहों में सामान्य कैमरे से फोटो खींचकर चालान भेजने पर वाहन चालक बहानेबाजी कर बचने की कोशिश करते हैं। जीपीएस कैमरे से फोटो खींचकर चालान भेजने पर वाहन चालक किसी तरह से बहानेबाजी नहीं कर पाएगा।

जीपीएस कैमरे से फोटो खींचने पर फोटो किस जगह पर खींची गई है, इसका उल्लेख रहता है। इसके साथ ही फोटो में समय के साथ तारीख का उल्लेख रहता है। इसके अलावा फोटो में अक्षांश तथा देशांश का उल्लेख रहता है। जीपीएस कैमरे से खींची गई फोटो में किसी तरह के विवाद होने की आशंका समाप्त हो जाती है।

ट्रैफिक पुलिस अफसर के मुताबिक ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस हर महीने औसतन नौ से दस हजार के करीब चालानी कार्रवाई करती है, जिसमें नो पार्किंग में वाहन खड़े करने के साथ रांग साइड वाहन चलाने की कार्रवाई भी शामिल है। ट्रैफिक पुलिस जो चालानी कार्रवाई करती है,उनमें से 30 प्रतिशत कार्रवाई मैन्युअली होती है।

ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने कहा ङ्क मैन्यूअली चालानी कार्रवाई करने के बाद वाहन मालिक को नोटिस तामिल की जाती है, तब वाहन मालिक अपने बचाव के लिए कई तरह के बहानेबाजी करते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए मैन्यूअली कार्रवाई करने के दौरान वाहन का जीपीएस कैमरे से फोटो खींचने का निर्णय लिया गया है। जीपीएस कैमरे के फोटो होने के बाद वाहन मालिक किसी तरह की बहानेबाजी नहीं कर पाएगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23